## एक नजर

### नहीं आता सफाई कर्मी ग्रामीणों ने की शिकायत

**खुदागंज।** विकास क्षेत्र खुदागंज के ग्राम पोशिल में तैनात सफाई कर्मी के नहीं आने से गांव में गंदगी के अंबार लगे हैं, नालियां कीचड़ से बजबजा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार खंड विकास अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी से शिकायत की जा चुकी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मामले की जांच कर दोषी सफाई कर्मी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### ग्रामीणों ने लगाया तीन माह से राशन नहीं देने का आरोप

**पुवायां।** भाकियू ने तहसील दिवस में ज्ञापन देकर राशन विक्रेता के खिलाफ शिकायत की। यूनियन पदाधिकारियों के साथ गांव कनपारा निवासी तमाम लोगों ने ज्ञापन देकर बताया कि गांव का उचित दर विक्रेता तीन माह से कई ग्रामीणों के अंगूठे लगवाने के बाद भी राशन नहीं दे रहा। राशन विक्रेता के खिलाफ ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की गई है। इस दौरान ओमकार, रेशमा, रामगोपाल, आयुष, अनमोल, रामरती, सत्यम समेत अन्य तमाम लोग रहे।

### वॉटर पार्क से मोबाइल और रुपये चोरी

**पुवायां।** निगोही रोड स्थित वॉटर पार्क से दो युवकों के मोबाइल और रुपए चोरी हो गए। पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। नगर के निगोही रोड निवासी फरदीन व शाहजहांपुर के मोहल्ला महमद जलाल नगर निवासी मुख्तलिफ निगोही रोड के गांव चुरहा स्थित फैमिली फन सिटी में नहाने गए थे। इस दौरान उन्होंने अपना मोबाइल और लगभग छह हजार रुपये लॉकर में रख दिए। थोड़ी देर बाद वह लोग नहा कर आए तो उन्होंने देखा वहां से मोबाइल गायब थे। काफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। उन्होंने शिकायत कर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सिग्नल फेल, खड़ी हुई ट्रेन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सोमवार की दोपहर डेढ़ बजे मोक्षधाम के पास सिग्नल अचानक फेल हो गया। सिग्नल में तकनीकी खराबी आ गयी थी और सिग्नल ग्रीन नहीं हो रहा था। इस दौरान सियालदहा एक्सप्रेस को स्टेशन पर रोक दिया गया। आधे घंटे बाद सिग्नल सही हुआ और ट्रेन लखनऊ के लिए रवाना हुई। गर्मी में बीच रास्ते खड़ी हुई ट्रेन से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी।

# लोड बढ़ा तो टूट गई जर्जर लाइन, गुल हुई बिजली

## एसपी कॉलेज रोड सदर बाजार में टूट गया बिजली का तार, 2:30 बजे से बिजली हुई गुल, गर्मी में उपभोक्ता हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** गर्मी में बिजली की खपत बढ़ी तो जर्जर लाइनें टूटकर गिरने लगी हैं, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का दंश झेलना पड़ रहा है, एक तो दिन पर दिन गर्मी बढ़ती जा रही है और उस पर बिजली कटौती और जीना मुश्किल कर रही है। सोमवार दोपहर एसपी कॉलेज रोड पर सदर सदर बाजार में बिजली का तार टूट गया। जिससे करीब डेढ़ घंटे बिजली गुल रही। इससे गर्मी में लोग और भी परेशान रहे।

सोमवार को गर्मी कहर ढा रही थी, तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पर था जो कि रविवार के मुकाबले 0.8 डिग्री सेल्सियस बढ़ा था। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग एसी और पंखा कूलर का सहारा ले रहे थे, सड़कों पर तेज धूप की वजह से सामान्य दिनों की अपेक्षा भीड़ कम थी, सन्नाटा नजर आ रहा था। बिजली उपकरण के जरिये लोग गर्मी से राहत पा रहे थे, तभी दोपहर करीब 2:30 बजे सदर बाजार में एसपी कॉलेज रोड पर अचानक बिजली लाइन का तार टूट गया। इससे आधे मोहल्ले की बिजली गुल हो गई। घटना के समय सड़क पर भीड़ नहीं थी। बिजली का तार टूट जाने पर गुल हुई बिजली से गर्मी से परेशान लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को फोन करके चलती लाइन की सप्लाई बंद कराई। इसके करीब 15 मिनट बाद बिजली कर्मचारी लाइन दुरूस्त करने पहुंचे। इधर, गर्मी में लोग परेशान हो रहे थे, सबसे बुरा हाल उन लोगों का हो रहा था, जिनके घरों में इंवर्टर नहीं थे, उनके घरों के छोटे-छोटे बच्चे गर्मी में बेहाल हो रहे थे।

राहत पाने के लिए लोग घरों से बाहर दरवाजे के पास गली में खड़ हुए तब हवा का कभी-कभार झोंका लगने से लोगों को राहत मिली। वहीं दोपहरी में कड़ी मेहनत करके बिजली कर्मचारियों टूटी बिजली लाइन को दुरुस्त कर करीब डेढ़ घंटे बाद सप्लाई चालू की, तब लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं अन्य मोहल्लों में बिजली की आंख मिचौली सोमवार को भी बनी रही। महानगर के तारीन बहादुरगंज, सदर बाजार, खिरनीबाग, कटिया टोला, बक्सरिया, चारखंभा, चौक, एमनजई जलालनगर, घंटाघर, अंटा आदि मोहल्ले के उपभोक्ता बिजली ट्रिपिंग की समस्या से परेशान होते रहे।


एसपी कॉलेज रोड पर टूटा पड़ा बिजली का तार। ● अमृत विचार


टूटे बिजली के तार को समेटता बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

### दिन पर दिन बढ़ रहा तापमान

जून की गर्मी लोगों को रूलाने लगी है, दिन पर दिन तापमान बढ़ता जा रहा है। शनिवार को तापमान 38 .8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया जो कि रविवार को 40 .02 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि सोमवार को तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को 35 .5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। लगातार बढ़ रहे तापमान की वजह से लोग परेशान हो रहे हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली कटौती कर रही परेशान

**शाहजहांपुर।** भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली कटौती का दंश लोगों को झेलना पड़ रहा है। पुवायां, बंडा, खुटार, कलान, परौर क्षेत्र में दो से चार घंटे की बिजली कटौती हो रही है। पुवायां में कभी पांच बजे तो कभी छह और सात बजे के बीच बिजली गुल हो जाती है, फिर दो घंटे बाद बिजली के दर्शन होते हैं, सोमवार को भी बिजली कटौती का खेल जारी रहा। सुबह करीब सात बजे बिजली गुल हो गई, फिर नौ बजे बिजली आई। दोपहर करीब 2 :37 बजे भी बिजली गुल हो गई। गर्मी में लोग बेहाल हो गए। करीब 4 :30 बजे बिजली आई तब लोगों ने राहत की सांस ली। इसी तरह पुवायां, बंडा, खुटार, कलान, परौर क्षेत्र में दो से चार घंटे की बिजली कटौती हो रही है।

## परामर्श केंद्र पर तीन दंपती का हुआ समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र पर 16 पत्रावली की सुनवाई की गयी, जिसमें तीन दंपती का समझौता होकर विदा किया गया। निगोही थाना क्षेत्र में एक दंपती जिनकी शादी चार माह पूर्व हुई थी। पति उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया करते थे। दोनों पक्षों को परामर्श केंद्र पर बुलाकर वार्ता करायी गयी। दोनों एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के दंपती की शादी कई साल पूर्व हुई थी। महिला बीमार रहती थी लेकिन पति इलाज नहीं करा रहे थे। वह पांच माह से मायके में रह रही थी। दोनों पक्षों को परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। दोनों पक्षों की वार्ता कराई तो एक-दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए। तिलहर थाना क्षेत्र एक दंपती की शादी तीन साल हो गए थे। यह लोग भी वार्ता के बाद साथ रहने को तैयार हो गये। तीनों दंपती को परामर्श केंद्र से विदा किया गया। टीम में उप निरीक्षक मधु यादव, सिपाही पूनम मिश्रा, मोनिका रानी, करुणा आदि थे।

# कैसे निकलें राहगीर, रोड किनारे खड़े वाहन, ट्रैफिक व्यवस्था में बन रहे बाधक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** महानगर में जाम की स्थिति से निपटने के लिए कई बार ट्रैफिक प्लान बनाया गया लेकिन जाम की स्थिति जस की तस बनी है। वाहनों की संख्या तो लगातार बढ़ रही है लेकिन सड़कें संकरी होती जा रही है, क्योंकि फुटपाथ पर जगह बची नहीं है और अब वह पार्किंग व सामान रखने के काम आ रहे हैं। पुलिस भी इन लोगों पर कार्रवाई करने से बचती है और चौराहों व बस स्टैंड के पास चालान काट अपनी ड्यूटी पूरी कर रही है। इससे वाहन चालकों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा आम आदमी आए दिन जाम में फंसकर परेशान हो रहा है।

शहर की प्रमुख मार्केट बहादुरगंज सदर बाजार कोतवाली गेट से शुरू होकर घंटाघर जाने वाले रोड मशीनरी मार्केट तक है। इस बाजार में सबसे अधिक खरीदार उमड़ते हैं, क्योंकि रोडवेज बस स्टैंड , रेलवे स्टेशन से शहर के अंदर प्रवेश करने वाली यही पहली मार्केट पड़ती है। अधिक भीड़ होने से जाम भी लग जाता है, इसलिए इस बाजार के अंदर चौपहिया, तिपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक है लेकिन फिर भी जाम की स्थिति बनी रहती है क्योंकि दुकानदारों ने यहां पार्किंग स्थल बना दिया है। ग्राहकों के वाहन भी यहीं खड़े होते हैं।

इसके अलावा कई दुकानदार ऐसे भी जिन्होने अपनी दुकान का सामान आगे बढ़ाकर रख लिया। इसके अलावा पूड़ी सब्जी, अथवा पनीर, नमकीन बिक्री करने के ठेले-खोमचे लगा दिए हैं। यह स्थिति पंखी चौराहा से आर्य महिला डिग्री कॉलेज चौराहा तक बनी है, इसके आगे बहादुरगंज जाने पर भी यही स्थिति मिलेगी। सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को होती है, जिनके घरों का रास्ता इस रोड से होकर जाता है। बाजार आने-जाने वाले लोगों का कहना है कि वाहनों का रोकना तो ठीक लगता है लेकिन सड़क पर दुकानों के सामने लगे सामान और ठेले खोमचे और पार्किंग से मार्ग संकरा करने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।


पंखी चौराहा जाने वाली रोड पर दुकान के सामने आधी रोड पर खड़ी बाइकें। ● अमृत विचार


खिरनीबाग स्थित बिस्मिल पार्क के पास रोड किनारे खड़े किए गए वाहन। ● अमृत विचार


एसपी कार्यालय के सामने सदर बाजार को जाने वाले रास्ते में खड़ी बाइकें।

- **संकरी रोड पर आए दिन लगता रहता है, जाम, शाम के समय होती है मुश्किल**
- **पार्किंग में नहीं फुटपाथ पर खड़े किए जा रहे वाहन, कार्रवाई के बाद भी नहीं सुधर रहे लोग**

### बैरियर लगा, फिर भी घुसा देते हैं ई-रिक्शा

बहादुरगंज में वाहनों के प्रवेश पर रोक के लिए पंखी चौराहा के पास बैरियर लगाया गया है। दूसरा बेरियर आर्य महिला डिग्री कॉलेज चौराहा के पास लगाया गया है। इन पर पुलिस की ड्यूटी भी लगी है लेकिन बहादुरगंज की मार्केट में फिर भी चालक ई-रिक्शा लेकर पहुंच जाते हैं, क्योंकि निशात टाकीज के सामने से कटिया टोला होते हुए बहादुरगंज जाने वाले रास्ते और इस्लामियां इंटर कॉलेज के सामने जेल रोड पर बेरियर नहीं इसलिए यहां के रास्ते ई-रिक्श अंदर आ जाते हैं, तब फिर बहादुरगंज मुख्य बाजार में जाम की स्थिति बन जाती है।

### गोविंदगंज में है पार्किंग

गोविंदगंज ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़े स्थान को वाहनों को पार्क करने के लिए बनाया गया है लेकिन यहां पर वाहन बहुत की कम पार्क होते हैं, पुलिस सख्ती दिखाए तो लोग यहां पर अपने वाहन पार्क कर सकते हैं, लेकिन वह ऐसा न करके खिरनी बाग में बिस्मिल पार्क के पास वाहनों को पार्क करते हैं, जिससे रोड संकरा हो जाता है और खाली पड़ी इस रोड पर भी जाम लग जाता है।

### वाहनों पर हुई कार्रवाई

माह अप्रैल व मई में ट्रैफिक पुलिस ने 10774 दो पहिया वाहन, 1710 तीन पहिया वाहनों और 1380 चार पहिया वाहनों चालान काटे और 132 वाहनों को सीज कर दिया गया।

अतिक्रमण हटाए जाने के लिए शीघ्र ही अभियान चलाया जाएगा। पहले व्यापारियों से वार्ता कर उन्हें स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कहा जाएगा, फिर भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई की जाएगी। **-डॉ. विपिन कुमार मिश्रा,** नगर आयुक्त




### जलालाबाद में दीवार तोड़कर खुलवाया रास्ता

**जलालाबाद।** एसडीएम के निर्देश पर दीवार तोड़कर रास्ता खुलवाया गया। राम ताल रोड पर मोहम्मद आजम ने दीवार उठाकर खेतों के अंदर जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया था, जिस पर एक व्यक्ति ने न्यायालय की शरण ली। एसडीएम कोर्ट की ओर से धारा 133 की सुनवाई करते हुए रास्ते से अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश दिए।.जिस पर सोमवार को नायब तहसीलदार रोहित कटिहार व थाना जलालाबाद का फोर्स जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और उन्होंने अवैध रूप से उठाई गई दीवार को तोड़कर रास्ता खुला दिया। जिससे वहां पर भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं खेत मालिक ने कहा कि उनकी खुद की जमीन है और इस जमीन से जबरन रास्ता निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

### ट्राली पकड़ने की रंजिश में पीटकर किया घायल

**सेहरामऊ दक्षिणी।** गांव कैलहा में चार दिन पहले अवैध रूप से खनन करने वाली जेसीबी और ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ने की रंजिश को लेकर गांव के दबंगों ने व्यक्ति को घर में घुस कर ईंट और लाठी से पीटकर कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है। गांव कैलहा निवासी एक व्यक्ति अवैध रूप से मिट्टी का खनन कराकर बिक्री करने का व्यापार करता है। जिसकी सूचना पाकर पुलिस ने चार दिन पहले रात के समय खनन कर रही जेसीबी मशीन और मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को मुखबिर की सूचना पर पकड़ लिया था। हालांकि बाद में मामला रफा दफा हो गया। इसी बात की रंजिश में उस व्यक्ति ने प्रदीप कुमार पर घर में घुसकर हमला कर दिया। बचाने आई उसकी पत्नी राजबेटी को भी पीटकर घायल कर दिया।

# सदर में डीएम ने सुनीं शिकायतें, 40 में से दो का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में आए फरियादियों की शिकायत व समस्याओं को सुना गया। यहां कुल 40 शिकायतें आईं, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्राप्त शिकायतों में शिकायतकर्ता के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

- **डीएम ने कहा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण किया जाए निस्तारण**

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण के साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी होनी चाहिए। शिकायत निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारित कराया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार पांडेय आदि रहे।



सदर तहसील में शिकायतें सुनते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

### आई 36 शिकायतें, पांच का निस्तारण

**तिलहर।** संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम और एएसपी ग्रामीण ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान आई 36 शिकायतों में से पांच का मौके पर निस्तारण किया गया।

ब्लॉक सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी के न आने से फरियादी मायूस दिखाई पड़े। इस दौरान एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को ग्राम मौजमपुर गोटिया निवासी आरती सिंह ने बताया कि कुछ लोगों की ओर से उनके गांव में स्थित तालाब पर लगातार कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी वह कई बार शिकायत भी कर चुकी हैं। इस मामले में जिला अधिकारी ने भी तालाब को कब्जा मुक्त करवाने के दर्ज किए थे, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें सार्वजनिक भूमियों पर अवैध कब्जे की रहीं। इस दौरान तहसीलदार जयप्रकाश यादव, खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त, पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे।


तिलहर तहसील में शिकायतें सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

## समाधान दिवस से गैरहाजिर रहे 5 अफसरों के वेतन रोकने के निर्देश


कलान तहसील में समस्याएं सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

**कलान।** सोमवार को तहसील कलान में एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 69 शिकायतें में आईं। जिनमें 6 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

- **कलान तहसील में आईं 69 शिकायतें, छह का मौके पर हुआ निस्तारण**

तहसील कलान में सम्पूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक 41 शिकायतें राजस्व विभाग, दो आपूर्ति विभाग, छह पुलिस, एक चकबंदी, विकास विभाग की तीन, राजस्व व पुलिस की संयुक्त 10 से शिकायतें आई। एडीएम ने तहसील परिसर में पौधारोपण किया। तहसील कलान के बार संघ के अध्यक्ष रामचन्द्र शाक्य ने दिए प्रार्थना पत्र में तहसील परिसर में सामुदायिक शौचालय अति शीघ्र बनवाने की मांग की। एडीएम ने इसे क्षेत्र पंचायत से बनवाने के लिए बीडीओ नन्द किशोर पांडेय को आदेश दिया। इस दौरान बार संघ के नरेंद्र सिंह यादव एडवोकेट ने दिये प्रार्थना पत्र में तहसील गेट के सामने बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की बात कही। तहसील दिवस में वन विभाग के एक अधिकारी के साथ-साथ एडीओ कोऑपरेटिव कलान, एडीओ कोऑपरेटिव मिर्जापुर, गन्ना निरीक्षक, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कलान का वेतन रोकने का आदेश दिया गया।

इस दौरान एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय, तहसीलदार सृजित निगम, नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह, बीईओ कलान सतीश चन्द्र मिश्र, व कुमार सिंह कुशवाहा, बीडीओ कलान वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, सहित कई विभागों के अफसर शामिल रहे।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
5 जून अयोध्या में दिव्य श्री रामदरबार विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# खड़े ट्रक में घुसी कार, तीन की मौत, दो घायल

## गोरखपुर से नैनीताल जाते समय रोजा क्षेत्र में हुआ हादसा, कार का दरवाजा तोड़ कर निकाले गए घायल

संवाददाता, रोजा/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** गोरखपुर से नैनीताल घूमने जा रहे होटल मालिक की कार सीतापुर हाईवे पर जमुका गांव के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। भीषण टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए और होटल मालिक, उनके बेटे व बहन की मौत हो गई। जबकि उनका भांजा व पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल भांजे को बरेली रेफर किया गया है। पत्नी का राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। हादसे में मरने वाले शिवम गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरदेंदु पांडेय के भतीजे थे।

गोरखपुर जिले के थाना बेलीपार के मोहल्ला मलालो निवासी होटल शिवाय के मालिक और गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरदेंदू के भतीजे शिवम पांडेय (35) सोमवार सुबह लगभग छह बजे अपने परिवार व अन्य रिश्तेदारों के साथ दो कारों में सवार होकर गोरखपुर से नैनीताल घूमने के लिए जा रहे थे। होंडा सिटी कार में शिवम उनकी पत्नी शालिनी, ढाई साल का बेटा माधवन और उनकी 42 वर्षीय बहन श्वेता द्विवेदी और सात वर्षीय भांजा शिवांश थे। दूसरी कार में उनके चचेरे भाई अमृतेश और अन्य रिश्तेदार थे। रविवार की सुबह छह बजे सीतापुर हाईवे पर जमुका गांव के सामने ट्रक सड़क के किनारे खड़ा होकर बजरी उतार रहा था। अचानक शिवम की कार खड़े ट्रक में जाकर पीछे से घुस गई। कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार सभी लोग कार में ही फंस गए। इसी बीच पीछे से शिवम का चचेरा भाई अमृतेश अपनी कार से आ गया। उन्होंने राहगीरों की मदद से कार का दरवाजा तोड़कर घायल शिवम, शालिनी, माधवन, श्वेता और शिवांस को कार से बाहर निकाला। वह सभी घायलों को वाहन से मेडिकल कालेज लेकर गए। डाक्टर ने शिवम, उनके बेटे माधवन और उनकी बहन श्वेता को मृत घोषित कर दिया। डाक्टर ने घायल शिवांश को बरेली रेफर कर दिया। जबकि मृतक शिवम की पत्नी शालिनी का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। घायल चालक अंगद के मामूली चोट आई है। मृतक श्वेता के पति डा. नीरज गोरखपुर में डिप्टी सीएमओ हैं। उन्होंने हादसे की सूचना गोरखपुर परिवार वालों को फोन पर दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और जानकारी की। एसपी राजेश द्विवेदी और सीओ सदर प्रयांक जैन मेडिकल कालेज पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। उन्होंने मृतक के परिवार वालों से जानकारी की। चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि ट्रक खड़ा होकर बजरी उतार रहा था और कार पीछे से ट्रक में घुस गई। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


इसी खड़े ट्रक में कार पीछे से घुसी। ● अमृत विचार


हादसे में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

- गोरखपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष के भतीजे थे शिवम
- गोरखपुर के प्रतिष्ठित परिवार के साथ हुआ हादसा
- हादसे में बेटे और बहन की भी मौत, पत्नी और भांजे की हालत गंभीर


घायलों का हाल जानने अस्पताल पहुंचे एसपी राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार


मृतक शिवम।

# कहीं चालक की झपकी ने तो नहीं बिखेर दीं परिवार की खुशियां

संवाददाता, रोजा/ शाहजहांपुर

- नैनीताल के बाद केदारनाथ घूमने का था प्लान
- बिलकुल सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसी कार

**अमृत विचारः** गोरखपुर के एक होटल मालिक शिवम अपने परिवार के साथ गर्मी की छुट्टी में घूमने के लिए नैनीताल जा रहे थे। कहा था कि एक हफ्ते नैनीताल और केदारनाथ से लौट आएंगे। लेकिन उनका सपना अधूरा रह गया। स्थानीय ग्रामीणों को अंदेशा है कि चालक को झपकी आने के चलते यह घटना हुई है।

गोरखपुर जिले के बेलीपार थाना के मोहल्ला मलालो निवासी शिवम का गोरखपुर में अपना होटल है। गोरखपुर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरदेंदू के शिवम भतीजे थे। शिवम ने अपनी पत्नी शालिनी से कहा कि गर्मी की छुट्टी में नैनीताल और केदारनाथ घूम कर आते हैं। उन्होंने एक हफ्ते का घूमने का प्लान बनाया था। शिवम उनकी पत्नी शालिनी, बेटा माधवन, चचेरी बहन श्वेता और भांजा शिवांश एक कार में थे। कार अंगद चला रहा था। वह आगे बैठे थे और बाकी लोग पीछे थे। जबकि उनका चचेरा भाई अमृतेश व अन्य रिश्तेदार दूसरी कार में थे। गोरखपुर से रात करीब दस बजे नैनीताल के लिए निकले थे। रात में शिवम परिवार वालों से बातचीत करते चले जा रहे थे। बताते हैं सुबह छह बजे चालक अंगद को अचानक झपकी आ गई और कार खड़े ट्रक में जाकर घुस गई। शिवम, उनके बेटे माधवन और चचेरी बहन श्वेता की मौत हो गयी और पत्नी शालिनी व भांजा घायल हो गए। इधर हादसे की खबर मिलने पर मृतक के परिजन गोरखपुर से चल दिए। पुलिस का मानना है कि चालक को झपकी लगने पर कार ट्रक में पीछे से जाकर घुस गयी।

### एसीएमओ की पत्नी की भी मौत

प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मृतक शिवम का परिवार गोरखपुर में काफी प्रतिष्ठित है। गोरखपुर में उनका एक बहुत बड़ा होटल है। शिवम के पिता कृष्ण कुमार पूर्व मुख्यमंत्री कमला पति त्रिपाठी के फुफेरे भाई हैं। शिवम के जीजा कमलेश पांडेय देवरिया से कांग्रेस के पूर्व विधायक रह चुके हैं। मृतका श्वेता द्विवेदी के पति डा. नीरज द्विवेदी गोरखपुर में एसीएमओ हैं।

### हाइवे पर लगा जाम

हादसे के दौरान हाइवे पर जाम लग गया था। जाम से दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गयी थी। राहगीरों ने रोजा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर 15 मिनट के अंदर क्रेन मंगवायी। पुलिस क्रेन से ट्रक में फंसी कार को बाहर निकलवाया। आधा घंटे बाद रास्ता खुल गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

## एक नजर

### बच्चों वाली ट्रेन पलटी, पांच बच्चे चोटिल

**जलालाबाद।** मेला प्रदर्शनी में बच्चों वाली ट्रेन अचानक पलटी, पांच बच्चे मामूली रूप से चोटिल हो गए। काकोरी शहीद इंटर कॉलेज में मेला लगाया गया है। रविवार की शाम नुमाइश वाली ट्रेन में बच्चे झूल रहे थे। तभी नुमाइश में बच्चों वाली ट्रेन अचानक पलट गई, जिसमें करीब 5 बच्चे बैठे हुए थे। बच्चों के हल्की फुल्की चोटें आईं। हालांकि इससे मेले में एक बार अफरा तफरी मच गई।.लोगों ने इसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### पुवायां में एएसपी ने हाईवे पर निकाला फ्लैग मार्च

**पुवायां।** सोमवार दोपहर बाद एएसपी ने पुवायां पहुंचकर राजीव चौक व शाहजहांपुर रोड पर गश्त निकालकर भ्रमण किया। एएसपी भांवरे दीक्षा अरुण ने राजीव चौक पर सभी पुलिस कर्मियों को एकत्र किया और पैदल ही शाहजहांपुर रोड के लिए निकल पड़ी। इस दौरान उन्होंने कुछ दूर तक जाकर हाईवे पर गश्त की। साथ ही पुलिस कर्मियों को राजीव चौक पर जाम, डग्गामार वाहनों व ई रिक्शा पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए।

### ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** हरदोई के पाली क्षेत्र के गांव निजमा खेड़ा निवासी संजीव ने अल्हागंज थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 6 जून को सुबह 10 बजे उसका भाई राकेश ई-रिक्शा सेअल्हागंज जा रहे थे। रास्ते में ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई राकेश घायल हो गया। सीएचसी से रेफर होने के बाद वह घायल भाई को फरूखाबाद अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में भाई की मौत हो गयी थी। पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### संस्था ने जाना बच्चों का हाल

**शाहजहांपुर।** सहयोग संस्था के पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो का संज्ञान लेकर बाल गृह जाकर बच्चों का हाल जाना। संस्था के संरक्षक एड. शाहनवाज खान व अनिल गुप्ता प्रधान ने बताया कि देखकर पदाधिकारी बाल गृह जाकर बच्चों से उनके रहने-खाने की व्यवस्था के बारे में बातचीत की तो बच्चों ने सभी कुछ अच्छा बताया।

# पांच माह में 391 हादसे 200 मौत, 297 घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर,

- यातायात जागरुकता फैलाने के बाद वाहन चालक नहीं कर रहे नियमों का पालन

**अमृत विचारः** ट्रैफिक पुलिस यातायात माह के तहत कॉलेज आदि में यातायात नियमों का पाठ पढ़ाती है और रैली निकालती है। इसके बावजूद लोग यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे है। इधर जनवरी से मई तक 391 हादसे हुए है, 200 लोगों की मौत हुई है और 297 घायल हुए है।

यातायात पुलिस स्कूल, कालेज और रोडवेज बस अड्डे पर शिविर लगाकर यातायात नियमों का चालकों पाठ पढ़ाती है। ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरुक करती है। वाहन चालक यातायात नियमों को अनदेखी कर रहे है। चालक बिना हेलमेट के बाइक चलाते है और दो के अलावा तीन लोगों को बाइक पर बैठालते है। बाइक चलाते समय लोग मोबाइल का प्रयोग करते है। रात के समय शराब के नशे में अधिक स्पीड में वाहन चलाते है। साथ ही गलत तरीके से वाहनों को ओवरटेक करते है। यातायात प्रभारी विनय पाण्डेय बताया कि पांच माह में 391 हादसे हुए है, 200 लोगों की जान गयी है और 297 लोग घायल हुए है। उन्होंने कहा कि हादसों में कमी लाने के लिए समय-समय यातायात नियमों से जागरुक किया जाता है। समय-समय पर वाहनों की चेकिंग कराई जाती है। उन्होंने वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें।

# ट्रेन में महिला का पर्स चोरी, रखे थे जेवर

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** ट्रेन में चोरी की वारदातें थम नहीं रही है। चोरों ने ट्रेन में एक महिला जेवर समेत पर्स चुरा लिया। महिला ने जीआरपी थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी गीता ने बताया कि ट्रेन संख्या 14307 में उसका और उसके परिवार का एसी में रिजर्वेशन था। 07 जून को ट्रेन से प्रयागराज से शाहजहांपुर आ रहे थे। ट्रेन के अंदर उसका पर्स चोरी हो गया। पर्स में सोने का मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, चांदी की बिछिया, चांदी के कंगन आदि सामान था। महिला ने बर्थ के नीचे पस की तलाश की और पर्स नहीं मिला। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान अली ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो की मौत

खुटार, संवाददाता

**अमृत विचारः** गोला खुटार मार्ग पर जंगल के समीप खुटार की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर घायल हो गया। तीनों को सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस से सीएचसी गोला लाया गया। कार चालक जंगल में ही वाहन छोड़कर भाग गया।

गोला खुटार मार्ग पर देर शाम शाहजहांपुर जिला के खुटार थाना क्षेत्र के गांव लखपेड़ा निवासी लाल बहादुर (35) पुत्र गौरी शंकर, छोटे (42) और बृजेश (32) पुत्र बाबूराम एक ही बाइक से गोला की ओर आ रहे थे। बताया जाता है कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार एक्सयूवी कार के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने लाल बहादुर और छोटे को मृत घोषित कर दिया, जबकि बृजेश की प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।


सीएचसी में बैठे मृतक के गमगीन परिजन।

- शाहजहांपुर के जिला निवासी के तीनों बाइक सवार गोला की ओर आ रहे थे

# सांड़ से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, कलान

**अमृत विचारः** ननिहाल जा रहे एटा के युवक की बाइक सांड़ से टकरा गई। इस घटना में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

एटा, थाना जसरथपुर के गांव निवासी अहरई बिशनपुर निवासी हरि सिंह (28) पुत्र राम सिंह रविवार रात नौ बजे अपनी बाइक से गढ़िया छवि गांव के पास पहुंचा ही था, तभी सड़क पर खड़े सांड़ ने दौड़ लगा दी, जिससे बाइक सांड़ से टकरा गई। इससे वह घायल हो गया। ग्रामीणों ने एंबुलेंस से उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक गढ़िया छवि गांव अंतर्गत गांव महमदियापुर में स्थित अपनी ननिहाल में जा रहा था, ननिहाल में ममेरे भाई रामजीत को खबर पहुंचाने के बाद उसने मृतक के परिजनों को इसकी जानकारी दी। मृतक हरि सिंह अविवाहित था।


मृतक हरि सिंह

- ननिहाल जाते समय गढ़िया छवि गांव के पास हुआ हादसा

### हादसे में युवक की मौत

**शाहजहांपुर।** जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव कोटा खास निवासी सौरभ वर्मा एवं राजेश कुमार 5 मई को कटरा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। दोनों घायलों को बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान सौरभ की मौत हो गयी।

# प्रेमी से बात करने पर डांटा तो जहर खाकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पति बाहर रहता था, आरोप फोन से प्रेमी से बात करती थी

**अमृत विचारः** विवाहित महिला का गांव के व्यक्ति से संबध हो गया। पति के बाहर रहने के कारण ससुरालीजनों ने महिला को बात करने से मना किया। एक दिन महिला को बात करते पकड़ने पर उसे डांट दिया इससे क्षुब्ध होकर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव उमर सड़ा निवासी राम कृपाल बाहर रहते है। वह ईट भट्टे आदि स्थानों पर लेबर देने का काम करते है। उनकी पत्नी 36 वर्षीय रजनी देवी का गांव में एक व्यक्ति से अवैध संबंध थे। उसका प्रेमी उसके घर पर आता जाता था। परिवार वालों ने उसके प्रेमी को घर पर आने की मना कर दिया, जिससे ससुराल वालों से रजनी नाराज हो गयी थी। वह अपने प्रेमी से चोरी छिपे मोबाइल पर बात करती थी। रविवार की दोपहर बाद वह अपने प्रेमी से फोन पर बात कर रही थी। ससुराल वालों ने उसे फोन पर बात करते हुए पकड़ लिया और कहा कि किससे से बात कर रही हो। उसका मोबाइल लेकर चेक किया तो उसके प्रेमी का मोबाइल नंबर था। ससुराल वालों ने उसे डांट दिया था। डाट से क्षुब्ध होकर रजनी ने शाम सात बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। ससुराल वालों ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतका के चार बच्चे है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**रौसरकोठी।** अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। विपिन कुमार पुत्र दुर्ग पाल 35 वर्ष निवासी ग्राम मिरगापुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी थाना मदनापुर के ग्राम सिमरा खेड़ा में शादी समारोह में शामिल होने गए थे।

घर वापस जाने के दौरान थाना रामचंद्र मिशन के क्षेत्र के रेड चिली ढाबा के सामने हाईवे पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उप निरीक्षक सचिन कुमार की ओर से एंबुलेंस से के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान विपिन की मृत्यु हो गई।

# बंडा में महिला समेत दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

संवाददाता, बंडा

- दो अलग-अलग गांव में हुई घटना, घरेलू कलह के चलते उठाया आत्मघाती कदम

**अमृत विचारः** अलग-अलग गांवों में महिला समेत दो लोगों ने घरेलू कलह में जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बंडा के गांव बिहार रामनगर निवासी महावीर सिंह (38) ने रविवार सुबह करीब नौ बजे घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, गंभीर हालात में उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां पूर्वान्ह करीब 11 बजे उसकी मौत हो गई। महावीर अविवाहित था। इससे पहले करीब पांच पूर्व उसके दो भाईयों सर्वेश सिंह और रमेश सिंह की भी अकस्मात मौत हो गई थी। उसकी मौत से मां ओमवती, भाई रामवीर और रामसिंह का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं दूसरी घटना गांव तिंदुआ नगरिया की है, जहां वीरेश कुमार उर्फ सोनू की 28 वर्षीय पत्नी जूली ने रविवार रात घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली।

सुबह करीब पांच बजे जब परिवार के लोगों की नींद खुली तो उन्होंने उसे मृत अवस्था में पड़ा देखा। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# घर में बंद करके पीटकर किया घायल

**रोजा।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव मोहल्ला सराय काइयां निवासी इरफान उर्फ लल्ला ने बताया कि शनिवार की शाम सात बजे अपने मकान से कुछ दूरी पर मजार के पास बैठा हुआ था। मोहल्ले के आशिक, आमिर, आरिफ तसलीम मजार के पास आ गए। आरोपी उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपी उसे मारने पीटने लगे। वह अपनी जान बचाकर भागा तो आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और कमरे में ले गए। जहां आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस विवेचना कर रही है।

## सार-संक्षेप

### बहन को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप

**पुवायां, अमृत विचार :** सिंधौली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने तहसील दिवस में पत्र देकर बताया कि उसने अपनी बहन का विवाह पांच वर्ष पूर्व सिंधौली के एक व्यक्ति के साथ किया था। जहां बहन के घर एक व्यक्ति का आना जाना था। वह बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसका शारीरिक शोषण करने के बाद कुछ अन्य लोगों की मदद से उसे अन्य स्थान पर बिक्री करने की योजना बनाने लगा। जानकारी होने पर महिला ने फोन कर अपने भाई को बताया। जब भाई, बहन के घर पहुंचा तो उसने आपबीती सुनाई और कहा कि वह इन लोगों के जाल में बुरी तरह से फंस गई है। भाई ने बहन को अपने साथ लाना चाहा तो आरोपी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। चार दिन बाद 4 जून को उसे बहन के आत्महत्या करने की जानकारी मिली। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद युवक ने तहसील दिवस में शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### पति सहित पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर।** सोमवार को विवाहिता ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला उम्मरपुर निवासी शमा ने सीओ को पांचवां प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 9 अगस्त 2024 की शाम पांच बजे वह घर पर अपने घरेलू कार्य कर रही थी, उसी समय पति तस्लीम उसे पकड़ कर कमरे के अंदर ले गया और मायके वालों से एक लाख नगद व मोटरसाइकिल दहेज में लाने के लिए कहा, विवाहिता ने पति से कहा कि पिता ने तुम्हें एक लाख कर्ज लेकर दिए, तो तुमने अभी तक वापस नहीं किए, तभी नाराज होकर पति तस्लीम, हास्न बानो, मोहसिन, साजिया, रजिया जनपद पीलीभीत थाना पूरनपुर के गांव अहमदनगर निवासी को बुलाकर उसके साथ मारपीट की और उसके सारे सोने के आभूषण छीन लिए ,घर से गाड़ी में बैठाकर उसे मायके छोड़ कर चले गए। सीओ के निर्देश पर पुलिस ने महिला की तहरीर पर ससुराल पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### हादसे में युवक की मौत, तीन घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कुर्रिया कला रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो जाने से चार लोग घायल हो गए। डाक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। तीन घायलों को इलाज चल रहा है। हरदोई जिले के पचदेवरा थाना के गांव धर्मपुर निवासी 18 वर्षीय सुमित अपने चचेरे भाई प्रेम के साथ कुर्रिया कलां आया था। वह अपने चचेरे भाई के साथ रात पौने दस बजे बाइक से कुर्रिया कलां से अपने गांव धर्मपर जा रहे थे। कुर्रिया कलां रोड पर ईंट भट्टे के पास दूसरी बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे एक बाइक पर सवार सुमित व उसका चचेरा भाई प्रेम और दूसरी बाइक का सुधीर निवासी अल्हागंज और उसका साथी घायल हो गए। डाक्टर ने सुमित को मृत घोषित कर दिया।

### 4 जून तक के ऑनलाइन आवेदन होंगे शामिल

**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह योजना के तहत विधानसभा वार कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि विवाह कार्यक्रम में 4 जून तक जिनके आवेदन आनलाइन आ गए हैं, उन्हें ही कार्यक्रम में सम्मिलित किए जाएगा। उसके बाद आनलाइन आवेदन पत्रों को अगले कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाएगा। इस बार एक जोड़े पर एक लाख रुपए धनराशि व्यय सरकार कर रही है। साथ ही आवेदक के अभिभावक की आय सीमा 2 लाख से बढ़ाकर 3 लाख प्रतिवर्ष कर दी गई है।

### किसानों को निशुल्क ट्रेन सुविधा देने की मांग

**शाहजहांपुर।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश सचिव दीप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यूनियन पदाधिकारियों ने डीएम संबोधित मांगपत्र नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को सौंपा, जिसमें बताया गया कि 12,13,व 14 जून को भाकियू लोक शक्ति का राष्ट्रीय चिंतन शिविर हरिद्वार लाल कोठी उत्तराखंड में लगने जा रहा है, जिसमें प्रदेश के सभी किसान प्रतिनिधि व किसान रहेगे।

# ट्रेन के आगे जान देने का प्रयास

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म एक पर मुगलसराय एक्सप्रेस के आगे एक व्यक्ति ने रेल लाइन पर कूदकर जान देने का प्रयास किया। लोको पायलट ने ट्रेन को रोक दिया। लोगों ने उसे पकड़कर खींच लिया। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शाम सात बजे बरेली-मुगलसराय एक्सप्रेस प्लेटफार्म एक की रेल लाइन पर आ रही थी। इसी बीच आत्महत्या करने के उद्देश्य से एक 58 वर्षीय व्यक्ति रेल लाइन पर कूद गया। ट्रेन धीरे होने के कारण इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। इस दौरान जीआरपी और आरपीएफ पहुंच गई और उसे रेल लाइन से पकड़कर प्लेटफार्म पर लाए। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान अली ने बताया कि उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और बिहार का रहने वाला है।

# किशोरी से छेड़छाड़, विरोध करने पर की मारपीट

संवाददाता, बंडा

- शिकायत करने पर आरोपी हो गए हमलावर
- पीड़िता की मां और भाई को भी पीटा

**अमृत विचार :** किशोरी के साथ अश्लील हरकतें करने और उसकी मां व भाई के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस को दी तहरीर में पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बंडा क्षेत्र के एक गांव निवासी की 15 वर्षीय किशोरी ने बताया कि रविवार की शाम वह धान की रोपाई करके घर आ रही थी। रास्ते में पड़ोस गांव के एक युवक ने उसे रोक लिया और अश्लील हरकत करने लगा तो वह मौके से भाग गई और मां को जानकारी दी। उन्होंने इसकी शिकायत डायल 112 से की। शाम को आरोपी युवक तीन अन्य साथियों के साथ दरवाजे पर आ गया और सभी को लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिस ने किशोरी के परिवार वालों को बचाया

पीड़िता ने बताया कि जब उसका भाई बचाने आया तो आरोपियों ने ने उसे भी मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। वहीं किशोरी की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जब उसके घर के सभी सदस्य बंडा थाने में मौजूद थे, तभी छेड़छाड़ के आरोपी के एक साथी के उसकी झोपडी में आग लगा दी, जिससे उसकी झोपडी में लगे कंडे व दो बोरी मक्का जलकर राख हो गई। वहीं इस मामले में पुलिस ने दोनों तरफ से तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

# अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त

**रोजा, अमृत विचारः** खन्नौत नदी में मिले महिला के शव की शिनाख्त हो गयी हे। महिला शहर के मोहल्ला बाड़ूजई की रहने वाली थी। रोजा पुलिस ने शनिवार की शाम खन्नौत नदी में एक महिला का शव उतराता हुआ बरामद किया था। पुलिस ने अज्ञात में महिला का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने महिला का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त हो गयी है। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाड़ूजई की रूपाली का शव है। वह पांच मई को घर से निकली थी। उसकी गुमशुदगी थाना सदर बाजार में दर्ज है। मृतका की मां सुशीला देवी ने शव की शिनाख्त की है। वह मानसिक रूप से बीमार रहती थी और उसका इलाज चल रहा था।

# बच्चों के साथ खेलने गई बालिका तालाब में डूबी

संवाददाता, कलान

- साथी बच्चों ने घर पहुंचकर दी परिजनों को जानकारी
- ग्रामीण जब तक पहुंचे तब तक अंजलि डूब चुकी थी

**अमृत विचारः** बच्चों के साथ खेलने गई नौ वर्षीय बालिका की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव गंगोरा मजरा रसूलपुर निवासी राजेश यादव की पुत्री अंजलि (9) अपने हम उम्र बच्चों के साथ सोमवार सुबह गुल्लाह गांव की तरफ खेलने गई थी। गुल्लाह गांव में स्थित गौशाला के पास तालाब है, वहीं पैर फिसलने से अंजलि तालाब के पानी में जा गिरी। उसे डूबता देख बच्चे भी घबरा गये। वह भी उसे बचाने का प्रयास नहीं कर पाए। उन्हें समझ नहीं आया कि वह अंजलि को कैसे बचाएं। कऊछ देर बाद जब तक बच्चों ने शोर मचाया, तब तक वह डूब चुकी थी, काफी प्रयास के बाद उसके शव को तालाब से निकाला गया।

मामले की सूचना थाना कलान पुलिस को सूचना दी गई, तब पुलिस में घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका पांच भाई बहनों में तीसरे नंबर की थी।


मृतका अंजलि

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# पूर्व प्रधान को पीटकर गंभीर रूप से किया घायल

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी

- मंदिर परिसर की जगह से अवैध कब्जा छुड़वाने गये थे
- लड़ाई होते देख लेखपाल मौके से खिसके

**अमृत विचार:** सोमवार सुबह मंदिर परिसर की जगह पर से अवैध कब्जा छुड़वाने गए पूर्व प्रधान के साथ हल्का लेखपाल को गांव के दबंग मारने दौड़े। लेखपाल मौके से भाग निकला। वहीं पूर्व प्रधान को दबंगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर मरणासन्न कर दिया। जिसे उपचार के लिए सरकारी एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। देर शाम घायल के पुत्र गोविंद ने दस लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है।

गांव कैलहा निवासी पूर्व प्रधान छविनाथ गांव के किनारे स्थित देव स्थान की जगह पर से पड़ोसी खेत स्वामी ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है।

पूर्व प्रधान ने लेखपाल से नाप कर जगह पर से कब्जा हटवाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर लेखपाल मौके पर पहुंचा और नाप जोख करने लगा। इसी बात पर नाराज होकर गांव के एक हिस्ट्रीशीटर ने अपने साथियों के साथ बेलचे और लाठी लेकर पूर्व प्रधान छविनाथ को घेर लिया और पीट पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी परिजनों सहित गांव से भाग गए।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
•Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# अब बहादुरगंज क्षेत्र में पावर हाउस के पीछे लगेगा जुमा बाजार, जाम से मिलेगी निजात

## डीएम ने पावर हाउस के पीछे रेलवे ग्राउंड में बाजार स्थानांतरित किए जाने के दिए निर्देश, किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बुध बाजार के बाद अब जुमा बाजार भी बहादुरगंज क्षेत्र में पावर हाउस के पीछे रेलवे ग्राउंड में लगेगा। इससे जाम से लोगों को निजात मिलेगी। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने एसपी राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा के साथ सोमवार को रेलवे ग्राउंड का निरीक्षण कर जुमा बाजार को पावर हाउस के पीछे रेलवे ग्राउंड में स्थानांतरित करने के निर्देश दिये।


बहादुरगंज क्षेत्र में पावर हाउस के पीछे रेलवे ग्राउंड की जमीन का निरीक्षण करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एसपी राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा

- मिशन स्कूल के पास से मंडी होते हुए सुनहरी मस्जिद तक के क्षेत्र में लगाया जाता है

> जिस तरह बुध बाजार के स्थानांतरण से नागरिकों को जाम से राहत मिली है, उसी प्रकार जुमा बाजार को व्यवस्थित ढंग से उसी स्थान पर स्थानांतरित किए जाने से मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव कम होगा और बाजार व्यवस्था भी अधिक सुनियोजित रूप से संचालित की जा सकेगी।
>
> –धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डीएम

शुक्रवार को लगने वाला जुमा बाजार मिशन स्कूल के पास से मंडी होते हुए सुनहरी मस्जिद तक के क्षेत्र में लगाया जाता है। यह क्षेत्र शहर के प्रमुख मार्गों जेल रोड एवं घंटाघर रोड से जुड़ा है, जिस कारण जुमा बाजार के दौरान इन सड़कों पर अत्यधिक भीड़ से जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को जुमा बाजार के लिए चयनित स्थल बहादुरगंज में पावर हाउस के पीछे स्थित रेलवे ग्राउंड का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक आधारभूत सुविधाओं साफ-सफाई, पेयजल, ट्रैफिक मार्ग, दुकान संचालकों के लिए नियोजित स्थान आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए, जुमा बाजार को भी बहादुरगंज रेलवे ग्राउंड में स्थानांतरित करने के लिए निर्देशित किया। इससे पहले बहादुरगंज में 30 वर्षों से मेन रोड पर लगने वाली बुध बाजार को भी बहादुरगंज स्थित पावर हाउस के पीछे रेलवे ग्राउंड में स्थानांतरित किया गया था, जिससे लोगों को अब बहादुरगंज में जाम से नहीं जूझना पड़ता है। डीएम ने कहा कि इससे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाएगा, बल्कि व्यापारियों एवं ग्राहकों को भी एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम वातावरण प्रदान करेगा। शीघ्र ही जुमा बाजार को रेलवे ग्राउंड में पूरी व्यवस्थाओं के साथ स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

# अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता, खुटार

- गत दिनों सड़क किनारे बाइक खड़ा करके बात कर रहा था
- कार चालक ने टक्कर मार दी थी इससे युवक की मौत हुई

**अमृत विचार:** जनपद पीलीभीत के थाना पूरनपुर क्षेत्र के गांव जादमपुर गहलुईया निवासी मजीबुल हसन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सोमवार सुबह अपने भतीजे गुलाब खान को लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव पिपरिया कप्तान छोड़ने के लिए बाइक से जा रहा था।

खुटार बण्डा रोड स्थित निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के पास उसका भाई शरीफन हसन व उसकी भाभी मीना बेगम इंतजार कर रही थी। इसी बीच बण्डा की ओर से तेज रफ्तार से स्विफ्ट कार चालक ने उसकी बाइक व रोड पर खड़े शरीफन हसन व उसकी भाभी मीना बेगम को टक्कर मार दी। जबकि उसका भतीजा गुलाब खान बाइक को पकड़कर खड़ा था। बाइक को टक्कर मारते हुए शरीफन हसन व मीना बेगम के साथ ही मजीबुल हसन को भी टक्कर मारती हुई चली गई। जिस पर राहगीरों ने कार को घेरकर रोक लिया लेकिन तब तक चालक मौके से फरार हो गया। उधर शरीफन हसन व मीना बेगम व गुलाब खान को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिला मेडिकल कॉलेज ले जाते समय गुलाब खान ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था। पुलिस ने मजीबुल हसन की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# कई स्थानों पर किया गया भंडारा

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** सोमवार को नगर के कई स्थानों पर आयोजित भंडारों में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान व्यापार मंडल पदाधिकारी समेत अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

नगर के बण्डा रोड स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रचार मंत्री कपिल गुप्ता के प्रतिष्ठान पर भगवान बालाजी की आरती के बाद पूड़ी, सब्जी, हलुआ आदि का प्रसाद वितरित किया गया।

ब्रजेश गुप्ता, धीरज शर्मा, मंगल मिश्रा, कृष्ण कुमार लील, विशाल गुप्ता, पुष्पेंद्र गुप्ता व अन्य तमाम पदाधिकारी रहे। इसके अलावा मोहम्मदी रोड स्थित महारानी सूरबाबा स्थान के पास भक्तों ने सुंदर कांड का पाठ कराते हुए कन्या भोज के साथ सब्जी पूड़ी प्रसाद रूप में वितरित किया। भंडारा आयोजन को लेकर क्षेत्रीय लोगों में भी उत्साह देखा गया। धार्मिक कार्यक्रम के बाद भंडारा भोज में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने के लिए भी लोग उत्साहित रहे। सभी का प्रयास रहा कि उन्हें प्रसाद मिल सके।



भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

- पूड़ी, सब्जी, हलुआ आदि का लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद
- व्यापार मंडल ने भी कराया व्यापार मंडल

गोपीनाथ अग्निहोत्री, अनुपम अग्निहोत्री, प्रमोद, संतोष, सुधीर, कपिल गुप्ता, महेश शर्मा, शिवा, राजेश त्रिवेदी, अमरनाथ, प्रदीप शुक्ला समेत तमाम लोग मौजूद रहे। खुटार रोड पर भी हलुआ, पूड़ी, सब्जी का भंडारा खिलाया। जिसमें अधिवक्ता मनोज, निष्ठा भट्ट, अथर्व भट्ट, पिंकू भट्ट समेत अन्य भक्त रहे। भंडारों में जाति धर्म से हटकर सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

# देवनारायण बोर्ड के गठन की मांग को लेकर प्रदर्शन, ज्ञापन

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :** श्री देवनारायण पीठ के श्रद्धालुओं ने देवनारायण बोर्ड के गठन के संबंध में प्रदर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार रोहित कटियार को सौंपा।

जलालाबाद श्री देवनारायण पीठ के तमाम श्रद्धालु स्वामी सत्यदेव महाराज के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने प्रदर्शन करने के बाद सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार रोहित कटियार को सौंपा। ज्ञापन देकर उन्होंने राजस्थान व मध्य प्रदेश सरकार की तर्ज पर प्रदेश में भी देवनारायण बोर्ड के गठन की मांग की। उन्होंने बताया कि देवनारायण भगवान विष्णु के अवतार के रूप में माने जाते हैं विगत दिनों उनकी जन्मस्थली माल्शेरी डूंगरी राजस्थान में प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी, राजस्थान में देवनारायण रोड का गठन पहले से ही हो चुका है।


देवनारायण बोर्ड के गठन को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा
- मध्य प्रदेश और राजस्थान की तर्ज पर बोर्ड गठन की मांग की

उसके बाद मध्य प्रदेश सरकार ने भी देवनारायण बोर्ड का गठन किया है, हम सभी श्रद्धालु प्रदेश में भी देवनारायण गोल्ड के गठन की मांग करते हैं, जिससे भारतीय सनातन संस्कृति मजबूत होगी। ज्ञापन देने वालों में अमित सिंह, शैलेंद्र सिंह, बिजेंद्र सिंह, अवधेश कुमार, कृष्ण सिंह, राजेंद्र सिंह, रामनिवास आदि श्रद्धालुओं के हस्ताक्षर हैं।

# 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण को 15 जून तक करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के प्रशिक्षण को आवेदन मांगे
- आधार, फोटो के साथ निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य

**अमृत विचार:** पारंपरिक हस्तशिल्प व कारीगर सशक्तिकरण के लिए संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत जनपद में विभिन्न ट्रेड्स से संबंधित कारीगरों को 10 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने को ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपायुक्त उद्योग ने ज्यादा से ज्यादा आवेदन करने की अपील की है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम पारंपरिक कारीगरों जैसे नाई, बढ़ई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई एवं धोबी आदि ट्रेड्स से जुड़े लाभार्थियों के लिए उपलब्ध है। चयनित अभ्यर्थियों को टूलकिट व मानदेय भी प्रदान किया जाएगा।

आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### यहां करें जानकारी

अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं।अथवा मोबाइल 9548515974 पर जानकारी कर सकते है।

उपायुक्त् उद्योग ने बताया कि आवेदन के समय अभ्यर्थियों को अपना फोटो, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, तकनीकी प्रमाण पत्र, जनपद का स्थायी निवासी प्रमाण, एवं संबंधित ट्रेड से जुड़े होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष निर्धारित की गई है।

# डीएम ने दिए 12 जून से भैंसी नदी की खुदाई करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नदी का जलस्तर पौधरोपण का प्रस्ताव तैयार कराएं
- नदी के दोनों तरफ 42 किमी तक पौधरोपण के निर्देश

**अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने भैंसी नदी के पुनर्जीवन के लिए कैंप कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें डीएम ने कहा कि नदी को 4 भागों में विभाजित कर खुदाई प्रारंभ कराई जाए। उन्होंने नदी के जल का स्तर, ढलान, चेक डैम निर्माण, नदी की दोनों ओर वृक्षारोपण एवं सुरक्षा के लिए तारबाड़ कर चिन्हांकन कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने कहा कि सारी तैयारियां पूर्ण कर 12 जून से भैंसी नदी की खुदाई प्रारंभ कर दी जाए। नदी के दोनों ओर वृहद वृक्षारोपण लगभग 42 किलोमीटर दूरी में कराया जाएगा। इस पौधरोपण पर्यावरण की सुरक्षा का भी काम पूरा हो सकेगा और इससे नदी के किनारे भी सुरक्षित हो सकेंगे। इस पौधरोपण से सरकारी भूमि का चिंन्हाकन भी हो सकेगा।

उन्होंने नदी के समीप पड़ने वाले ग्रामों के तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कर खुदाई करवाने हेतु सख्त निर्देश दिए है। इस कार्य को लोक भारती कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एमएलसी ने बांटे अग्निकांड पीड़ित किसानों को राहत चेक


अग्निकांड पीड़ित किसानों को राहत चेक वितरित करते एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के तहत अग्निकांड पीड़ित किसानों को सहायता चेक वितरित किए गए।

सोमवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति के सभागार में चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ सुधीर गुप्ता ने मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के तहत पीड़ित किसानों को चेक बांटें। इस दौरान तहसील क्षेत्र के 31 पात्र किसानो के चयन किया गया था, जिनमें 7 लाख 14 हजार 376 रुपए की सहायता राशि के चेक बांटे गए। कार्यक्रम में एमएलसी सुधीर गुप्ता ने प्रदेश सरकार की तमाम महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान मंडी सचिव सर्वेश शुक्ला, अजय कुमार सुपरवाइजर समेत अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

**अमृत विचार आपके साथ....**

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।
ईमेल :budaun@amritvichar.com

**शहर में आज**

- कलेक्ट्रेट में विकास कार्यों को लेकर डीएम अवनीश कुमार राय सुबह दस बजे बैठक करेंगे
- आंगनबाड़ी वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर मालवीय आवास गृह पर सुबह नौ बजे से धरना प्रदर्शन करेंगे, ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

**एक नजर**

### विद्यालय से अंक पत्र प्राप्त करें छात्र-छात्राएं

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के श्री महेश बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज को यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के अंकपत्र सह प्रमाणपत्र विद्यालय को प्राप्त हो चुके हैं। संबंधित छात्र-छात्राएं कार्य दिवस में आकर विद्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी प्रधानाचार्य डॉ. रोहिताश कुमार ने दी है।

# पांच नवजातों की मौत पर स्वास्थ्य विभाग को फटकार

## जिला महिला अस्पताल में एडी हेल्थ साधना ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एसएनसीयू वार्ड का लिया जायजा, शिशुओं का एक माह का देखा रिकार्ड
- जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए, लापरवाही पर कार्रवाई करने की दी चेतावनी

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में चार बच्चों की मौत से स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई है। एडी हेल्थ ने सोमवार को एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। विभाग को फटकार लगाते हुए जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। पिछले एक माह का रिकार्ड देखा और नवजातों को दिए गए उपचार के बारे में जानकारी ली।

जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में 7 जून को चार नवजातों की मौत हो गई थी। इसके बाद एक नवजात की मौत आठ जून को हुई थी। लगातार हो रहीं मौतों से स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई। सोमवार को एडी हेल्थ साधना अग्रवाल ने जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले एसएनसीयू वार्ड की स्थिति देखी। एडी हेल्थ ने मृत नवजातों के बारे में बाल रोग संदीप अग्रवाल से बात की। 7 जून को डॉ. संदीप ही ड्यूटी पर थे। साधना अग्रवाल ने पूछा कि जिन शिशुओं की मौत हुई उसका वजन कितना था। इस पर बताया गया कि कम समय के शिशु थे उनका वजन एक किलो से भी कम था। दो नवजातों को सैफई अलीगढ़ ले जाने की सलाह दी गई, लेकिन परिजन बाहर नहीं ले गए। उन्हें यहां पर बचाया नहीं जा सका। एडी हेल्थ ने कहा कि सीमैप मशीन जो यहां पर हैं उन्हें वापस किया जाएगा और दूसरी मशीन मंगाई जाएंगी जिन्हे आसानी से चलाया जा सके। उन्होंने कहा जब तक दूसरी सीमैप मशीन नहीं आ जाती तब तक ऑक्सीजन की व्यवस्था की जाए। लोकल स्थल पर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कम समय के प्रसव होने पर शिशुओं को बचाना एक बड़ी समस्या होती है। स्टाफ ने काम किया, लेकिन नवजातों को बचाया नहीं जा सका। सीएमएस डॉ. इंदु कांत वर्मा ने बताया कि यहां पर शिशुओं को रखने को 12 बेड हैं। कभी इस तरह की समस्या नहीं होती है, लेकिन इस बार कुछ कम समय के प्रसव होने से शिशुओं की मौत हो गई।

सीएमएस ने बताया कि सीमैप मशीन को लेकर तीन बार कंपनी को पत्र लिखे जा चुके हैं, लेकिन मशीन को नहीं बदला गया। सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेज को शिशु रेफर किये जाते हैं वहां पर भी कोई सुविधा नहीं मिलती है। इससे परेशानी होती है।


एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण करतीं एडी हेल्थ साधना अग्रवाल व सीएमओ।

> नवजातों की मौत मामले में डॉक्टरों के बारे में पूछताछ की गई। लगभग सभी डॉक्टर मौजूद मिले। गर्मी में हीटवेव की तैयारी रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कोविड की आशंका के मद्देनजर मास्क लगाने को कहा गया है। भीड़ भाड़ न होने देने पर जोर दिया गया।
> – डॉ. रामेश्वर मिश्रा, सीएमओ

### जिला अस्पताल में डॉक्टरों की देखी उपस्थिति



बदायूं, अमृत विचार : महिला अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद एडी हेल्थ जिला अस्पताल पहुंचीं। यहां उन्होंने सीएमएस के कार्यालय में डॉक्टरों के बारे में जानकारी ली। प्रभारी सीएमएस डॉ. अमित वार्ष्णेय से बात की। पूछा ओपीडी में डॉक्टर किस समय बैठते हैं और कितने समय तक मरीजों को देखते हैं। बताया कि कि सुबह नौ बजे से पहले ही डॉक्टर ओपीडी में पहुंच जाते हैं। पूरे समय तक मरीजों को देखते हैं। कुछ डॉक्टर कम होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। एडी हेल्थ ने कहा कि हेल्थ एटीएम मशीन कैसे चलाते हैं जिस पर किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। बताया कि यहां पर टेक्नीशियन नहीं हैं। इसलिए हेल्थ एटीएम नहीं चल पा रही है। उपस्थिति रजिस्टर चेक करने के बाद उन्हें सख्ती से कहा कि जो डॉक्टर समय पर नहीं पहुंचते हैं उनकी सूची तैयार करें और सीएमओ को भेजें जिससे उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

#### ऑक्सीजन प्लांट हर समय चालू रखने के निर्देश

एडी हेल्थ ने ऑक्सीजन प्लांट को लेकर कहा कि हर समय चालू रखा जाए। ऑक्सीजन के छोटे बड़े सिलेंडरों की संख्या की जानकारी ली। मेडिकल वार्ड में मरीजों की स्थिति के बारे में पूछताछ की। एडी हेल्थ ने कहा कि इस समय गर्मी चरम पर है। हीटवेव वार्ड तैयार रहना चाहिए। उसको पूरी तरह कोल्ड बनाया जाए। इससे उसमें भर्ती मरीज को आराम मिल सके। हीटवेव के लिए सभी व्यवस्था तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल का समय समय पर निरीक्षण करते रहें जिससे व्यवस्थाएं ठीक रहें।

# हत्या के विरोध में धरना-प्रदर्शन


जिला महिला अस्पताल में प्रदर्शन करती आशा वर्कर्स। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल में आशा वर्कर्स यूनियन ने किया प्रदर्शन, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** विभिन्न मांगों को लेकर आशा वर्कर्स यूनियन ने सोमवार को जिला महिला अस्पताल में धरना प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गयी है कि पिछले दिनों आशा की हत्या मामले में हत्यारोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मृतका के परिजनों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की।

जिला महिला अस्पताल में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए आशा वर्कर्स यूनियन ने कहा कि पिछले माह 19 मई को ब्लॉक जगत की आशा कार्यकत्री टीकाकरण कर अपने घर वापस लौट रही थी। उसके साथ दरिंदों ने बलात्कार किया और हत्या कर दी। इस घटना से प्रदेश भर की आशा वर्कर्स में भारी रोष है। आशा वर्कर्स के साथ इस तरह की घटनाएं दिन दहाड़े हो रही हैं। सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है। आशा वर्कर्स ने कहा कि पुलिस की लापरवाही के चलते अभी तक आरोपी पकड़े नहीं गए हैं। पुलिस अंधेरे में हाथ पैर मार रही है। मृतका को न्याय नहीं मिला है। उसके परिजनों को मुआवजा भी नहीं दिया गया है। यूनियन ने मांग की कि मृतका के परिजनों को मुआवजा दिया जाए। 2022 की आशा कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि अभी तक नहीं दी गई है। इसके लिए आशा वर्कर्स यूनियन ने कई बार धरना प्रदर्शन किए मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया। इन मांगों को लेकर डीएम को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में मुनीशा देवी, सरला देवी, ममता, नीलम, पुष्पा देवी, सुनीता, हंसमुखी, मुन्नी देवी, पूनम माथुर, सीमा रानी, संसार वती, अलका रानी, विमलेश, आदि आशा वर्कर्स मौजूद रहीं।

# युवक की संदिग्ध परिस्थिति में जान गई, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गाजियाबाद में रहकर नौकरी करता था अजयपाल
- ससुराली वाले शव लेकर गांव पहुंचे और हो गए फरार

**अमृत विचार :** बिल्सी के एक युवक की गाजियाबाद में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव ससुराल वाले लेकर पहुंचे और फरार हो गए। मृतक के परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने पहुंचने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक के परिजनों ने उसके ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना बिल्सी क्षेत्र के गांव दीननगर शेखपुर निवासी 23 वर्षीय अजय पाल की मौत गाजियाबाद में संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। अजय पाल के परिजनों ने बताया कि उसकी शादी दो साल पूर्व थाना अलापुर क्षेत्र के गावं बसई धर्मपुर निवासी नवल किशोर की बेटी चीना के साथ हुई थी। अजय और चीना गांव दीननगर शेखपुर में रहते थे। युवक के ससुर नवल किशोर और उनकी पत्नी गंगा देवी गाजियाबाद में मजदूरी करते थे। परिजनों के मुताबिक आठ दिन पूर्व गंगा देवी अपनी बेटी के घर आई और अजय पाल व चीना को काम के लिए गाजियाबाद ले गई। इस दौरान कई बार अजय के पिता उदयवीर ने फोन किया, लेकिन हर बार उनकी बहू चीना बात करती थी। उनके बेटे अजय से बात नहीं करवाती थी। परिजनों का कहना है कि रविवार शाम को अजय के ससुराल वाले उनका शव लेकर घर पहुंचे। वह लोग शव रखकर फरार हो गए। पत्नी चीना ने बताया कि अधिक शराब पीने से अजय की मौत हुई है। युवक के परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बिल्सी में एडीएम ने सुनी जनता की शिकायतें

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम एफआर वैभव शर्मा ने जनता की शिकायतों को सुना। इस दौरान यहां मात्र 38 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर निराकरण कर दिया गया। शेष सभी शिकायती पत्रों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर दिए। उन्होंने कहा कोई भी शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। समय से शिकायतों का निस्तारण होना चाहिए। ताकि जनता को अपनी समस्या के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। इस मौके पर एसडीएम रिपुदमन सिंह, नायब बदन सिंह यादव, मोहित कुमार राठी, पूर्ति निरीक्षक धीरज गुप्ता, जेई दिनेश कुमार सिंह, बीईओ गौतम प्रकाश, फूड इंस्पेक्टर शाहबुद्दीन अली, प्रदीप सक्सेना, विनोद कुमार सिंह, हरिओम सिंह आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में मात्र चार शिकायतों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** डीएम अवनीश राय ने तहसील बिसौली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल 42 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में पौधरोपण किया। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन कराया।

संपूर्ण समाधान दिवस पर चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश करवाने सहित राजस्व विभाग की 10, पुलिस विभाग 12, विकास विभाग 8, अन्य विभागों की 12 सहित कुल 42 शिकायती एवं प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।


शिकायतें सुनते डीएम अवनीश राय व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार


गोद भराई की रस्म में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

- तहसील बिसौली में डीएम ने सुनी शिकायतें, निस्तारण के निर्देश

डीएम ने भूमि व राजस्व संबंधी वादों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इसकी फोटोग्राफी भी कराने के लिए भी कहा। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाता है। इसलिए अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। बता दें कि माह के प्रथम शनिवार 7 जून को ईद-उल-अजहा व 8 जून को रविवार के शासकीय अवकाश होने के कारण सोमवार को बिसौली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

### डीएम और एसएसपी ने किया पौधरोपण



डीएम, एसएसपी व अन्य अधिकारियों ने परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन व संरक्षण का संदेश दिया। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व नवजात शिशुओं को अन्नप्राशन कराया। इस अवसर पर एसएसपी ब्रजेश कुमार सिंह, सीडीओ केशव कुमार, एसडीएम राशि कृष्णा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कम्पोजिट विद्यालय हर्रायपुर की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। सिंगल यूज प्लास्टिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

# भाकियू ने घेरा कार्यालय, रुपये वापस करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- किसान से डरा धमकाकर 50 हजार रुपये वसूलने का मामला
- जांच अधिकारी ने मांगा दो दिन का समय, दिया आश्वासन

अमृत विचार : भाकियू टिकैत गुट ने सोमवार को वन विभाग कार्यालय का घेराव करते हुए किसान से वसूले गए 50 हजार रुपये वापस दिलाने की मांग की है। वन विभाग के अधिकारियों ने दो दिन का समय और मांगते हुए रुपये वापस करने का आश्वासन दिया है। भाकियू ने कहा कि यदि दो दिन के अंदर रुपये वापस नहीं किए गए तो फिर से कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

पिछले माह बिल्सी क्षेत्र के ग्राम सिरसौली में मरा हुआ सूअर मिलने पर वन विभाग कर्मचारियों ने एक किसान से 50 हजार रुपये ऐंठ लिए। वन विभाग कर्मचारियों ने धमकी दी कि यदि रुपये नहीं दिए तो उसे जेल भेज दिया जाएगा। किसान सेवाराम ने 50 रुपये दे दिए। यह प्रकरण भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने उठाया। सोमवार को वन विभाग का घेराव किया। इस पर डीएफओ ने आठ जून तक रुपये वापस करने का आश्वासन दिया, लेकिन आठ जून तक रुपये वापस नहीं किए तो सोमवार को भाकियू टिकैत ने एक बार फिर वन विभाग कार्यालय का घेराव किया। मंडल प्रवक्ता राजेश सक्सेना ने कहा कि गांव के बाहर सूअर मरा पड़ा था, जबकि वन विभाग के दरोगा ने कहा कि किसान ने डंडा मार कर सूअर की हत्या कर दी। इस तरह किसान को धमका कर उससे रुपये ऐंठ लिए गए। इस मामले को लेकर पिछले दिनों कलेक्ट्रेट पर भी किसानों ने हंगामा किया था। डीएम को ज्ञापन देकर मामले की जांच कराने और दोषी वन दरोगा के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी, लेकिन अभी तक न तो जांच कराई गई है और न ही किसान के रुपये वापस किए गए हैं। मंडल प्रवक्ता राजेश सक्सेना ने बताया कि वन विभाग के जांच अधिकारी ने दो दिन का समय और मांगा है। दो दिन में किसान के रुपये वापस कर दिए जाएंगे। राजेश ने कहा कि वन विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार है। वन दरोगा और बड़े अधिकारी पैसा वसूलने में लगे हैं। अवैध रूप से हरे पेड़ों का कटान कराया जा रहा है। पेड़ों की सुरक्षा पर ध्यान नहीं है। अवैध कटान रोकने की मांग की है। वन विभाग कार्यालय का घेराव करने वाले दर्जनों किसान मौजूद रहे।


वन विभाग में कार्यालय में खड़े भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता।

# दहेज हत्या के आरोपी पति समेत तीन को भेजा जेल

**बिल्सी, अमृत विचार :** विवाहिता की मौत मामले में पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में पति समेत तीन लोगों को जेल भेजा है।

क्राइम इंस्पेक्टर वीके मौर्य ने बताया कि क्षेत्र के गांव महलोली में सोनम पत्नी भूदेव की तीन जून को संदिग्ध परिस्थितियों के चलते मौत हो गई थी। इसके बाद धीमरपुरा थाना वजीरगंज निवासी मृतका की मां मीना देवी पत्नी रामओतार ने सोनम के पति भूदेव समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज की खातिर पुत्री सोनम का गला दबाकर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। सोमवार को मुजरिया तिराहे के पास बने यात्री शेड से आरोपी पति भूदेव, रचना और मुकेश को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

# बिजली ठीक करते समय लगा करंट, युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- थाना बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव कटिन्ना का मामला
- लाइनमैन के नहीं आने पर खुल पोल पर चढ़ गया था विपिन

**अमृत विचार :** घर की बिजली खराब होने पर लाइनमैन के न आने से परेशान होकर एक युवक ने खुद पोल पर चढ़कर मरम्मत का प्रयास किया। मरम्मत करते समय करंट लगने से वह पोल से नीचे गए गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया।

थाना बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव कटिन्ना निवासी हरपाल के घर की बिजली खराब थी। परिवार ने कई बार लाइनमैन को बुलाया, लेकिन वह नहीं आया। गर्मी में बिजली न होने से परिवार को पेयजल समेत अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बीते रविवार की शाम में हरपाल का 36 वर्षीय पुत्र विपिन बिजली ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ गया। बिजली ठीक करते समय अचानक से केबिल में करंट दौड़ गया। करंट की चपेट में आते ही विपिन पोल से नीचे गिर गया। हादसा होते ही परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# लापता युवक की मक्का के खेत में मिली लाश

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना बिसौली क्षेत्र के गांव सिद्धपुर कैथौली निवासी 28 वर्षीय इंद्रपाल सिंह पुत्र ओमप्रकाश सात मई को घर से निकले थे। इंद्रपाल सिंह शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बावजूद उनका कोई अता पता नहीं चल सका। सोमवार की सुबह कुछ ग्रामीण जंगल में शौच के लिए निकले। उन्होंने मक्का के खेत में एक शव पड़ा देखा। शव की पहचान करने के बाद उन्होंने तुरंत परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# उघैती के युवक की पंजाब में हादसे में मौत

संवाददाता, उघैती

**अमृत विचार :** उघैती के युवक की पंजाब में सड़क हादसे में मौत हो गई। इससे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने शव का आज अंतिम संस्कार कर दिया।


मृतक इंद्रेश कुमार।

कस्बे के अजयपाल सिंह का 18 वर्षीय पुत्र इंद्रेश कुमार पंजाब में रहकर मजदूरी करता था। इंद्रेश कुमार शनिवार को काम खत्म कर अपने आवास नांगल एमपी कोठी को बाइक से वापस लौट रहा था। इस दौरान चार पहिया वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे इंद्रेश की मौके पर ही मौत हो गयी। पुत्र की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उधर, पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। परिजन रविवार को पंजाब पहुंच गए। जो रात दो बजे शव लेकर वापस उघैती पहुंच गए। जैसे ही शव घर पर पहुंचा तो चीत्कार मच गया। सोमवार को इंद्रेश के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। लोगों ने बताया कि अजयपाल के चार पुत्र थे। इंद्रेश कुमार दूसरे नंबर का था जो पंजाब में रह कर मजदूरी करता था।

**मौसम** अधिकतम 41, न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया

# पारा 40 डिग्री के पार, झुलसाती धूप से व्याकुल हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- भीषण गर्मी में एसी और कूलर ने भी काम करना किया बंद
- दो से तीन दिन तक बारिश की नहीं जताई कोई संभावना

**अमृत विचार :** जून की गर्मी लोगों को बेहाल करने लगी है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। गर्मी की वजह से एसी कूलर तक ने काम करना बंद कर दिया है। सोमवार को गर्म हवाओं और तपती धूप के कारण सड़कों से लेकर बाजारों तक सन्नाटा पसरा रहा। जरूरी काम के चलते इक्का-दुक्का लोग घरों से बाहर निकले। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सुबह छह बजे सूरज निकलने के बाद जैसे जैसे दिन बढ़ता है। सूरज की किरणें तीखी होने लगती हैं। 10 बजे तक ऐसा लगता है मानो दोपहर हो गई हो और सूरज की किरणों शरीर को झुलसाने लगती हैं। लोग कुछ ही देर में छांव की तलाश करने लगते हैं। भीषण गर्मी के कारण एसी और कूलर भी गर्म हवा फेंक रहे थे। सड़कों और बाजार में सन्नाटा छा जा रहा है। बाजार में दुकानदार ग्राहकों के आने का इंतजार करते रहते हैं। इससे उनके कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. विमल सिंह कहते हैं कि अभी तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। सोमवार की सुबह न्यूनतम तापमान 27 डिग्री और दोपहर बाद अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

नमी की मात्रा अधिकतम 82 और न्यूनतम 39 प्रतिशत रही। जून माह में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते डॉक्टर अधिक से अधिक पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने और धूप में कम बाहर निकलने की सलाह दे रहे हैं। कृषि अधिकारियों की माने तो अभी दो से तीन दिन तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन गर्मी से राहत के संकेत नहीं हैं। हवा सामान्य गति से उत्तर-पश्चिम दिशा में चलने की संभावना है।


सिर पर कपड़ा लपेटकर जाती महिला।

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
M.Ed.
B.Ed
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


बच्चों को मुकुट पहनाते मुख्य अतिथि संजीव शर्मा। ● अमृत विचार

- उच्च प्राथमिक विद्यालय रेवा में समर कैंप का समापन

**अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय रेवा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समर कैंप का समापन हो गया। प्रतिभाशाली बालिकाओं को मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि स्काउट संस्था के पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की अद्भुत क्षमता राष्ट्र को गौरवान्वित कर रही है। हर क्षेत्र में बालिकाएं आगे हैं। अपनी प्रतिभा का लोहा बनवा रही हैं। प्रधानाध्यापिका सुधा मिश्रा ने कहा कि बच्चे अपनी योग्यताओं और क्षमताओं को विकसित कर देश के लिए उपयोगी बनें। ग्राम प्रधान वीरेंद्र सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे हर दिन नया इतिहास रच रहे हैं। एसएमसी अध्यक्ष रामवीर ने विद्यालय को इन्वर्टर दिया। बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। समर कैंप की गतिविधियों में बच्चों ने योगा, रीडिंग कैम्पेन, खेल, डिजिटल शिक्षण सामग्री का प्रयोग, एक पेड़ मां के नाम साथ ही शिक्षिका किरन कुमारी और अनुदेशक मीना के नेतृत्व में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर नैन्सी, रितु सलोनी, कुन्ती, सना, कीर्ति अनुष्का, दीक्षा, साक्षी, राधेश्याम मौजूद रहे।

## इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव भगवतीपुर में एक बुजुर्ग छत से गिरकर घायल हो गया था। हादसे के तीसरे दिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

भगवतीपुर निवासी धीर सिंह 55 वर्ष पुत्र रामचंद्र शनिवार की रात छत पर सो रहे थे। देर रात में वह किसी काम से उठे थे। इसी बीच उनका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गए। इसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पिछले साल दिल्ली में एक बेसमेंट के अंदर पानी घुसने से हो गया था हादसा

# शहर के बेसमेंट में चल रहे नर्सिंग होम और कपड़ों के मॉल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अधिकारी बोले- भेजेंगे नोटिस नक्शा नहीं मिला तो की जाएगी कार्रवाई
- कई जिलों में बेसमेंट में हुए हादसों से नहीं लिया सबक, मौन साधे बैठा प्रशासन

> बेसमेंट में संचालित नर्सिंग होम संचालकों और दुकानदारों को जल्द ही नोटिस भेजा जाएगा। साथ ही उनके अभिलेख भी देखे जाएंगे। अगर उनके पास नक्शा नहीं होता है तो कार्रवाई भी की जाएगी।
> – सुरेश पाल सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट

**अमृत विचार :** शहर में कई नर्सिंग होम और क्लीनिक सहित कपड़े के मॉल बेसमेंट में चल रहे हैं। हर समय लोगों के सिर पर खतरा मंडराता रहता है। पिछले साल दिल्ली में हुए हादसे और शासन के निर्देश के बाद भी जिम्मेदारों की नींद नहीं टूट रही है।

शहर में करीब 30 फीसदी से अधिक व्यवसाय बेसमेंट में चल रहा है। इनमें नर्सिंग होम, क्लीनिक, मिठाई की दुकानें, रेडीमेड गारमेंट्स की दुकानें और मॉल आदि शामिल हैं। इन सभी बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हैं। नर्सिंग होम के अंदर बने बेसमेंट में मरीजों को भर्ती किया जाता है। साथ ही उनमें ऑपरेशन तक किए जाते हैं। मरीजों को बेसमेंट में भर्ती करने के साथ उसके ऊपर अपना क्लीनिक बना रखा है। ऐसा ही स्थिति कपड़े मॉल की है। यहां ग्राहक जाने में अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करते। बेसमेंट में संचालित नर्सिंग और दुकानों में अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। शहर के इंदिरा चौक, संतोख सिंह तिराहा, मुख्य बाजार, लालपुल, नवादा चौराहा आदि स्थानों पर बेसमेंट के अंदर ही व्यावसायिक गतिविधियां चल रही हैं। बताया जा रहा है कि इनका विनियमित प्राधिकरण से नक्शा भी पास नहीं है। इन बेसमेंट में अवैध गतिविधियों के संचालन आदि में विनियमित क्षेत्र के जेई व अन्य कर्मचारियों की भी मिली भगत हैं। यह अलग बात है कि जानकारी होने पर विनियमित क्षेत्र के अधिकारी बेसमेंट में गतिविधियां संचालित करने वाले नर्सिंग और दुकानदारों को नोटिस जारी करते हैं। लेकिन कार्रवाई नोटिस से आगे नहीं बढ़ती। वहीं स्वास्थ्य विभाग भी बेसमेंट में संचालित नर्सिंग होम की ओर देखता तक नहीं। यह हाल तब है जब दिल्ली सहित अन्य कई शहरों में बेसमेंट के अंदर घटना होने के बाद शासन की ओर से इनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हुए हैं। लेकिन जिम्मेदार हैं कि मौन साधे हैं। उन्हें किसी बड़ी घटना का इंतजार है।

## बीच बाजार गूंजी किलकारी, प्रसव के बाद कराया भर्ती

**उझानी, अमृत विचार :** कस्बे के भूसा मंडी के निकट एक महिला को अचानक प्रसव पीड़ा हुई। इसके बाद महिला ने वहीं पर शिशु को जन्म दिया। लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने जच्चा बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया। यहां जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ बताए जा रहे है। यहां उनकी देखभाल की जा रही है।

जनपद शाहजहांपुर के तहसील जलालाबाद के ग्राम जरोली निवासी विवेक यादव सोमवार को अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर दिल्ली से आया था। वह क्षेत्र के गांव अहिरवारा जा रहा था। इस दौरान उसकी पत्नी गीता को भुसा मंडी के निकट बाजार में प्रसव पीड़ा हुई।

वह पीड़ा के कारण चिल्लने लगी। प्रसव पीड़ा के बाद गीता ने शिशु को जन्म दिया। इस दौरान लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने इसकी सूचना एंबुलेंस को दी। बीच बाजार पर प्रसव होने की सूचना पर एंबुलेंस पहुंच गई। एम्बुलेंस से जच्चा बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। यहां पर दोनों स्वस्थ हैं।

# अस्पताल में महिला की मौत, गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप, हंगामा

### दर्द का इंजेक्शन लगाते ही उल्टियां होने के बाद हो गई मौत, पति ने काटा हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


अस्पताल के अंदर हंगामा काट रहे परिजनों को समझाती पुलिस।

- अस्पताल पहुंचा पुलिस फोर्स मृतका के पति ने दी तहरीर

> महिला का इलाज कई दिनों से चल रहा था। मौत किस कारण हुई है इसकी जांच कराई जाएगी। तहरीर मिल गई है। लोग भी कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद शांत हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।
> – रजनीश उपाध्याय, सीओ सिटी

**अमृत विचार :** शहर के रामायनी नर्सिंग होम में महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला के पति ने डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने से मौत होने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। परिजनों की अस्पताल के स्टाफ व डॉक्टर के बीच नोंकझोक हुई। अस्पताल में हंगामा होने की सूचना पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स पीएसी पहुंच गई। पुलिस कर्मियों ने हंगामा काट रहे महिला के परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं महिला के पति ने डॉक्टर और स्टॉफ के खिलाफ कार्रवाई किए जाने को लेकर तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच करने के बाद कार्रवाई बात कह रही है।

कुंवर गांव थाना क्षेत्र के गांव बावट 25 वर्षीय उर्वेशा के ऊपर दूध निकालते समय 22 मई को गाय गिर गई थी। उसका पैर टूट गया। परिजन ने उस रामायनी अस्पताल लेकर आए। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद पैर में प्लास्टर लगाया। सोमवार को परिजन उर्वेशा को लेकर रामायनी अस्पताल पहुंचे थे। महिला को देखने के बाद डॉक्टर ने स्टाफ को दर्द निवारक इंजेक्शन लगाने के लिए कह दिया। इंजेक्शन लगने के बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए। परिजन अस्पताल से निकलकर एक किलोमीटर दूर ही पहुंचे थे कि उसकी तबीयत खराब हो गई। महिला को उल्टियां होने लगीं। महिला की तबीयत खराब होने पर उसके पति जसवीर उसे दोबारा से अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। जिस पर उसके महिला ने पति ने डॉक्टर और वहां के स्टाफ पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटना शुरू हो गया। महिला की मौत होने की जानकारी पर अन्य परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। हंगामा होने पर अस्पताल में भीड़ बढ़ती चली गई। इसी बीच डॉक्टर और वहां का स्टाफ फरार हो गया। इसी बीच किसी ने किसी ने पुलिस को सूचना कर दी। अधिक संख्या में अस्पताल के अंदर और बाहर लोग जमा होने की सूचना पर भारी पुलिस बल और पीएसी वहां पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला के परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन शांत हुए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं महिला के पति जसवीर ने अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई को पुलिस को तहरीर दी है। साथ ही सीएमओ को भी शिकायती पत्र भेजा गया है।

## हाईवे पर सांड़ से टकराई बाइक, तीन लोग घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिजनौर-बदायूं हाईवे पर वैन ईंट भट्टे के पास सोमवार की सुबह एक बाइक सांड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को बिल्सी सरकारी अस्पताल लाया गया। यहां उनका उपचार कर घर भेज दिया गया।

अलापुर थाना क्षेत्र के रहने वाले केदार सिंह अपनी ससुराल रुदायन से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान हाइवे स्थित गांव वैन के ईंट भट्टे के पास उनकी बाइक सड़क पार कर रहे एक सांड से टकरा गई। हादसे में उनका बेटा अंश कुमार, पत्नी सोमवती और स्वयं केदार सिंह घायल हो गए। सड़क पर गुजर रहे लोगों ने सभी घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया है।

जहां उनका इलाज कर घर भेज दिया गया। बता दें कि छुट्टा पशुओं के कारण आए दिन हादसे होते रहते है। कई मामलों में लोगों की जान तक चली गई। शिकायत करने के बाद भी यह छुट्टा पशु गोशालाओं में नहीं पहुंचाए जाते इसका खामियाजाना लोगों को भुगतना पड़ता है। ग्रामीणों ने छुट्टा पशुओं को गोशालाओं में भिजवाने की मांग की है।

# टैबलेट पाकर खिले आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के चेहरे


टैबलेट के साथ खड़े छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिसौली में आयोजित किया कार्यक्रम

**अमृत विचार :** आसफपुर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिसौली में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता और ब्लॉक प्रमुख ओम कृष्ण ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में 2024 के आईटीआई उत्तीर्ण 119 प्रशिक्षार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए।

सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता और ब्लॉक प्रमुख ओम कृष्ण ने उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भविष्य में अपने व्यवसाय में आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक सोच व अपने कार्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा व लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी। आईटीआई उत्तीर्ण छात्र छात्राओं ने टैबलेट पाकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई आसफपुर बिसौली में नरेन्द्र सिंह, राकेश कुमार, जय, आमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## दो घंटे गुल रही बिजली, ट्रिपिंग से परेशान रहे लोग

**बदायूं, अमृत विचार :** बिजली व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा चुकी है। दिन में हर घंटे ट्रिपिंग हो रही है। इससे गर्मी में लोगों को भारी परेशानी हो रही है। घंटों की कटौती से उपभोक्ता परेशानी झेल रहे हैं।

सोमवार को सुबह से दोपहर तक कई बार ट्रिपिंग हुई। तेज धूप और गर्मी से लोग बेहाल रहे। दोपहर दो बजे सप्लाई ठप हो गई, जो दो घंटे बाद शाम चार बजे शुरू हुई। भरी दोपहरी में बिजली गुल होने से कचहरी क्षेत्र, जिला अस्पताल, डीएम रोड, आदर्श नगर, मंडी समिति, ओवरब्रिज, रेलवे कॉलोनी रोड, आदर्श नगर, मझिया रोड, सिविल लाइन, दातागंज रोड, इंदिरा चौक आदि मोहल्लों में हाहाकार मच गया। बिजली कटौती से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी हुयी। शाम चार बजे सप्लाई शुरू हुई तो लोगों ने राहत की सांस ली।

# माध्यमिक बोर्ड के मेधावी होंगे सम्मानित, मिलेगा टैबलेट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- टॉप 10 सूची के मेधावियों को मिलेंगे 21 हजार रुपये और एक टैबलेट

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। हाईस्कूल-इंटरमीडिएट की टॉप टेन लिस्ट में शामिल सभी विद्यार्थियों को एक-एक टैबलेट और 21-21 हजार रुपये दिए जाएंगे। जिले में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 24 विद्यार्थियों ने टॉप 10 की लिस्ट में जगह बनाई है। इन सभी को एक समारोह के तहत सम्मानित किया जाएगा। जिसकी तैयारी जिला विद्यालय निरीक्षक विभाग कर रहा है।

यूपी बोर्ड की ओर से 24 अप्रैल को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परिणाम जारी किया गया। परीक्षा में 24 विद्यार्थियों ने 10 टेन सूची में जगह बनाई है। हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा के मेधावियों को माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा सम्मानित किया जाएगा। जिले टॉपर रहे विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के तहत 21-21 हजार रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किया जाएगा। मेधावियों के सम्मान के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के कर्मचारी टॉपरों का डाटा, खाता नंबर, परीक्षा में प्राप्त अंक और प्रतिशत को मिलाकर सूचीबद्ध करने में लगे हुए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार ने बताया कि हाईस्कूल-इंटरमीडिएट के टॉपर की सूची तैयार की जा रही है। जल्द ही मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा।

B.I.U. Admission Open Session 2025-26 BIUCOP Bareilly Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

B.I.U. FOPS Bareilly Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# बकाया भुगतान न करने से गन्ना किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- यदु शुगर मिल पर है 40 करोड़ से अधिक बकाया
- न्योली शुगर मिल पर है पांच करोड़ों का बकाया

> जनपद के गन्ना किसानों को लगातार भुगतान दिलाया जा रहा है। मिलों को पत्र लिखे गए हैं। जल्द भुगतान करने को कहा गया है। कुछ चीनी मिलों का भुगतान पूरा हो चुका है, जबकि यदु शुगर मिल सहित तीन चीनी मिलों का बकाया है। जो जल्द भुगतान करा दिया जाएगा।
> – अशफी लाल, जिला गन्ना अधिकारी

**अमृत विचार :** गन्ना किसानों का भुगतान न होने से किसानों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यदु शुगर मिल पर अभी तक 40 करोड़ से अधिक बकाया है, जबकि न्योली शुगर मिल पर भी अभी करोड़ों रुपये बकाया है।

जनपद की बिसौली स्थित यदु शुगर मिल सबसे बड़ी चीनी मिल है। इस मिल पर जनपद का 60 प्रतिशत गन्ना खरीदा जाता है, जबकि 40 प्रतिशत में पांच अन्य चीनी मिलें हैं। यदु शुगर मिल पर अभी तक 40 करोड़ से अधिक का बकाया है। यदु शुगर मिल में तैयार की गई चीनी का पूरा लेखा जोखा जिला प्रशासन के पास है। मिल चीनी बेच कर गन्ना किसानों का भुगतान कर रहा है। अभी तक 60 प्रतिशत भुगतान किया जा चुकी है। जिला गन्ना अधिकारी की ओर से मिल प्रशासन को कई बार पत्र लिखे गए और जल्द भुगतान को निर्देशित किया गया।

उधर, न्योली शुगर मिल पर भी अभी तक पांच करोड़ से अधिक का बकाया है। धनराशि का भुगतान करने को जिला गन्ना अधिकारी ने बार बार पत्राचार किया गया, लेकिन मिल प्रशासन की ओर से बरती जा रही लापरवाही के चलते गन्ना किसानों को परेशान होना पड़ रहा है।

दातागंज क्षेत्र के कुछ गन्ना किसानों ने बताया कि भुगतान न मिलने के कारण उन्हें परेशानी हो रही है। गुलड़िया के कई किसानों का कहना है कि वह गन्ना अधिकारी कार्यालय के बराबर चक्कर लगा रहे हैं। किसानों का कहना है कि भुगतान में देरी के चलते किसान गन्ना खेती से किनारा करने लगे हैं। शासन के निर्देश हैं कि गन्ना किसानों को चौदह दिन के अंदर भुगतान दिया जाए।

यदि तय समय सीमा के अंदर भुगतान नहीं दिया जाता है तो मिल प्रशासन को ब्याज सहित भुगतान करना होगा, लेकिन स्थानीय स्तर पर आज तक किसी गन्ना किसान को ब्याज नहीं मिला है। उसे उसका बकाया रुपये भी समय पर नहीं मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि भुगतान नहीं होने से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# घटिया सामग्री से बनाई सड़कें, बैठी जांच

- चित्रांश नगर और छह सड़का जाने वाली रोड का मामला
- शिकायत पर पालिका अध्यक्ष ने भुगतान पर लगाई रोक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर में बन रही सड़कों की गुणवत्ता ठीक नहीं है। घटिया सामग्री से सड़कों का निर्माण किया गया है। इसकी शिकायत मिलने पर पालिका अध्यक्ष ने ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगा दी है। साथ ही जांच के आदेश दिए हैं।


पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा

पालिका के अवर अभियंताओं को 48 घंटे के अंदर जांच पूरी करने को कहा गया है। पालिका अध्यक्ष का कहना है कि जांच में दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

हाल ही में शहर के वार्ड नंबर दो के मोहल्ला चित्रांश नगर और घंटाघर से छह सड़का तक सड़कों का निर्माण किया गया है। सड़कों के निर्माण में ठेकेदार द्वारा अनियमितताएं बरती गईं हैं। सड़कों को बिना बेस के ही बना दिया। इसकी वजह से सड़कें कुछ ही दिन में उखड़ने लगी। इसकी शिकायत पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा तक पहुंची।

शिकायत का संज्ञान लेते हुए पालिका अध्यक्ष ने सड़क का निर्माण करने वाले ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगा दी। जांच के आदेश कर दिए। पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा ने अवर अभियन्ता कृष्ण गोपाल चन्द्र, अवर अभियन्ता अमन कुमार को 48 घंटे के भीतर स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी है अगर गलत तरीके से रिपोर्ट प्रस्तुत की तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। गड़बड़ी मिलने पर संबंधित अभियंता और ठेकेदार के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## जिले के 2158 परिषदीय स्कूलों में अध्ययनरत हैं 2.69 लाख बच्चे

# शिक्षामित्रों के सहारे चल रहे जिले के 215 परिषदीय विद्यालय

- अनुपात के अनुसार एक शिक्षक पर 60 बच्चों का पढ़ाने का जिम्मा
- परिषदीय स्कूलों में पर्याप्त मात्रा में शिक्षक नहीं होने से परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए पर्याप्त संख्या में शिक्षक नहीं हैं। 215 विद्यालय शिक्षामित्र के सहारे चल रहे हैं। इसके बाद भी शिक्षकों की तैनाती को लेकर तमाम विसंगतियां हैं, जबकि कुछ विद्यालयों में 50 विद्यार्थियों को तीन शिक्षक तो कुछ में 100 विद्यार्थियों को चार शिक्षक पढ़ा रहे हैं। इन्हीं विसंगतियों के कारण विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की पढ़ाई ठीक से नहीं हो पा रही है।

जिले में 2158 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में 2.69 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए विद्यालयों में कुल 5890 शिक्षक कार्यरत हैं। 2590 शिक्षामित्र और 588 अनुदेशक कार्य कर रहे हैं। जिले के 215 विद्यालय ऐसे हैं इनमें एक भी शिक्षक की तैनाती नहीं है। यह स्कूल शिक्षामित्रों के सहारे चल रहे हैं। तमाम स्कूल ऐसे हैं जिनमें शिक्षकों की तैनाती मानक के अनुरूप नहीं है, जबकि शिक्षा विभाग के नियमानुसार 35 विद्यार्थियों के अनुपात में एक शिक्षक होना चाहिए। वर्तमान में विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के संख्या बल के अनुसार एक शिक्षक पर 60 बच्चों को पढ़ाने का जिम्मा है, जो कि मानक के अनुसार नहीं है। शिक्षकों की कमी होने के बाद भी तैनाती में विसंगतियां हैं। शिक्षा विभाग के मिले आंकड़ों पर गौर करें तो करीब 300 स्कूल ऐसे हैं जिनमें बच्चों की संख्या 125 और 150 है। इनमें सात आठ शिक्षक कार्यरत हैं। करीब 200 स्कूल ऐसे हैं जिनमें बच्चों की संख्या 50 से 60 है। उनमें चार से पांच शिक्षक कार्यरत हैं। अभी हाल ही शिक्षकों का समायोजन भी होना है। जिसकी प्रक्रिया चल रही है। अगर सही से समायोजन हुआ तो काफी हद तक इन विसंगतियों को दूर किया जा सकता है।

### 35 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक

बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार, विद्यालयों में 35 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक होना चाहिए। वहीं 60 विद्यार्थियों पर दो, 61 से 90 तक विद्यार्थियों पर तीन, 91 से 120 विद्यार्थियों पर चार, 121 से 200 तक विद्यार्थियों पर पांच और 200 से अधिक विद्यार्थियों के होने पर 40 पर एक शिक्षक होना चाहिए।

> परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। इसके कारण विसंगतियां हैं। पर्याप्त मात्रा में शिक्षक मिलने के बाद ही इन विसंगतियों को दूर किया जा सकता है। शिक्षकों का समायोजन मानक के अनुसार किया जाएगा। – **वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

## एक नजर

### युवक से लूटपाट करने वाले दो गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** उत्तराखंड के युवक से मारपीट कर लूटपाट करने वाले दोनों आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने धर दबोचा। उनके पास से लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) के थाना सितारगंज क्षेत्र के ग्राम शक्ति फार्म नंबर पांच के रहने वाले अंकित शील 31 मई को सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलगवां में आए थे। उनके साथ परिचित मिथलेश चक्रवर्ती भी थे। अंकित किसी कार्य के चलते गांव के भीतर चले गए थे। आरोप है कि जब गाड़ी में बैठे हुए थे तो दो युवक आए और हमला कर मारपीट की। मोबाइल भी लूट लिया था। जिसके बाद छानबीन करने पर पता चला कि आरोपी बिलगवां गांव के ही अंकित उर्फ इसरी और भानू प्रकाश हैं। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है।

### किशोर ने की दुष्कर्म की कोशिश, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** तीन साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश की गई। आरोपी भी नाबालिग है। पूरनपुर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी तीन साल की बच्ची से गांव के ही 14 साल के किशोर ने 4 जून को दुष्कर्म करने की कोशिश की। बेटी के चीखने की आवाज सुनकर जब मां मौके पर पहुंची और विरोध किया तो आरोपी के पिता ने आकर धमकाना शुरू कर दिया। आरोप है कि तमंचा लहराकर जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली पूरनपुर में रिपोर्ट दर्ज की है।

# फूड प्वाइजनिंग से 30 लोग बीमार
# विवाह में खाना खाने से बिगड़ी हालत

## दूल्हे के पिता का हलवाई पर एक्सपायरी डेट के मसालों से खाना बनाने का आरोप

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** कस्बे के आशाराम मिशन कंपाउंड स्थित महाराजा अग्रसेन श्रवण कुमार अग्रवाल धर्मशाला में शादी समारोह के दौरान खाना खाने के बाद 30 बारातियों की हालत बिगड़ गई। उन्हें फूड प्वाइजनिंग हो गई। उन्हें निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दूल्हे के पिता ने हलवाई पर एक्सपायरी मसालों से खाना बनाने का आरोप लगाया है।

नगर के मोहल्ला भर्रा टोला निवासी दुर्गा प्रसाद प्रजापति के बेटे विकास की शादी बदायूं शहर के मोहल्ला लालपुल निवासी पप्पू की पुत्री बुलबुल के साथ तय हुई थी। रविवार शाम को लड़की पक्ष नगर के आशाराम मिल कंपाउंड स्थित महाराजा अग्रसेन श्रवण कुमार अग्रवाल धर्मशाला में पहले ही पहुंच गए थे। शादी की सभी रस्में अदा की गई। शादी की रस्में को बीच ही लोग खाना खाने लगे। शादी में करीब 300 लोग शामिल हुए थे। इनमें से अधिकांश लोग खाना खाने के बाद चले गए थे। इसके बाद शेष बचे 30 लोगों ने रात करीब एक बजे खाना खाया। खाना खाने के बाद उनके पेट में दर्द शुरू हो गया। उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। इसमें दुल्हे का भाई सचिन प्रजापति, गौरव, संजना, गंगाराम, नितिन, रश्मी, जयकिशन सहित कई छोटे बच्चों की तबीयत खराब हो गई। तबीयत खराब होने पर बारातियों में अफरा तफरी मच गई। जिन लोगों की तबीयत खराब हुई उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।


निजी अस्पताल में भर्ती फूड प्वाइजनिंग के शिकार लोग। ● अमृत विचार


एक्सपायरी डेट के मसालों के पैकेट दिखाते दूल्हा के पिता दुर्गाप्रसाद।

### खाद्य सुरक्षा विभाग को घटना की नहीं लगी भनक

बारात में खाना खाने के बाद 30 लोगों की हालत फूड प्वाइजनिंग की वजह से खराब हो गई। घटना की चर्चा शहर सहित जिले भर में रही, लेकिन इसकी जानकारी खाद्य सुरक्षा विभाग को नहीं हो सकी। जबकि कुछ लोगों घटना की जानकारी खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को दी गई। उसके बाद भी विभागीय अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे।


घटना की जानकारी देता हलवाई रामकिशोर। ● अमृत विचार

**एक्सपायरी डेट के मसालों से बनाया था खाना :** दूल्हे के पिता दुर्गा प्रसाद का कहना है कि बारात में खाना बनाने को ठेका हलवाई रामकिशोर को दिया था। उसने एक्सपायरी डेट के मसालों से खाना बनाया था। हलवाई रामकिशोर का कहना है कि वह मसाले बाजार से खरीद कर लाया था, लेकिन उसने एक्सपायरी डेट पर ध्यान नहीं दिया। 300 लोगों की दावत की जिम्मेदारी उसके ऊपर थी। इनमें छह सात लोगों को छोड़ कर बाकी की हालत क्यों नहीं बिगड़ी। कुछ लोगों ने देर रात खाना खाया था। उस समय तक सब्जी अधिक गर्मी के कारण खराब हो गई हो।

## ललपुरिया में अज्ञात वाहन की टक्कर से श्रमिक की मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार:** काम निपटाकर साइकिल से घर जा रहे श्रमिक की अज्ञात वाहन की टक्कर में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर गांव के रहने वाले 36 वर्षीय पातीराम पुत्र बलजीत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते थे। रविवार शाम वह साइकिल पर सवार होकर घर ला रहे थे। नए बाईपास पर ललपुरिया गांव के पास पहुंचते ही उन्हें किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और जानकारी की। घायल को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया। सोमवार को इलाज क दौरान श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं चल सका है। उधर, हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा रहा। मृतक के 17 वर्षीय पुत्र अरुण और 16 वर्षीय पुत्री पायल है।

## कीटनाशक पीने से पहले हुई थी दोनों बहनों में मारपीट

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं, बिसरा सुरक्षित
- खाना बनाने को लेकर हुए विवाद में दोनों ने पीया था कीटनाशक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दो बहनों की कीटनाशक पीने से मौत हुई। इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नहीं हो सकी है। उनके शवों का बिसरा प्रिजर्व कर लिया गया है। जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। परिजनों के अनुसार कीटनाशक पीने से पहले दोनों बहनों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। मारपीट होने पर बीच बचाव करने पहुंचे उनके भाई मुनाजिर के चोटे लगी है। जिसका इलाज गांव के निजी डॉक्टर कर रहे है।

सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव भवानीपुर खल्ली में बीते रविवार को दो नाबालिग बहनों ने कीटनाशक पीने कर जान दी थी। पुलिस ने सोमवार को दोनों का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें मौत की वजह पता नहीं चल सकी। जिस पर डॉक्टर ने बिसरा प्रिजर्व किया है। वहीं दोनों बहनों के पिता जब्बार ने बताया कि महरूल और जेवा दोनों बहनों के ऊपर ही घर संभालने की जिम्मेदारी थीं। दोनों बहनें 11 भाई बहन हैं। इनमें से मरने वाली दोनों बहनें दोनों मझली थीं। महरूल और जेवा की दो बड़ी बहनों और एक भाई की शादी हो चुकी है। पांच भाई और एक छोटी बहन की अभी शादी नहीं हुई है। उनकी मां हाशमी बीमार रहती है। उनकी स्थिति ऐसी है वह बिस्तर से नहीं उठ सकती। बताया कि जिस समय यह घटना घटित हुई उस समय वह नमाज को गए थे। दोनों के बीच खाना कौन बनाएगा इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़ा होने पर उनके भाई मुनाजिर ने बीच बचाव कर दोनों को अलग कर दिया। बीच बचाव करने पर मुनाजिर के हाथ में चोट लगी। चोट लगने पर इलाज के लिए वह गांव में स्थित डॉक्टर के पास चला गया। इस दौरान दोनों बहनों ने कीटनाशक पी लिया और मौत हो गई।

## राज्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के संजय रॉयल पार्क कॉलोनी के निवासी अनूप सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 7 जून को रात साढ़े 9 बजे सोशल साइट फेसबुक पर एक व्यक्ति ने गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट की है। इसकी जानकारी होने पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के समर्थकों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने अनूप सिंह द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने बलजीत सिंह उर्फ लाली पुत्र रघुवीर सिंह निवासी चकपुर मजरा आनंदपुर थाना माधोटांडा पीलीभीत को हिरासत में ले लिया। बलजीत सिंह का चालान कर दिया है।

## पुलिस लाइन चौराहे से स्टैंड हटवाने की मांग


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते बस ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष। ● अमृत विचार

- प्राइवेट बस ऑपरेटर यूनियन पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन चौराहे पर टैंपो स्टैंड संचालित है। इसे हटाने की मांग करते हुए प्राइवेट बस ऑपरेटर यूनियन पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।

जिला बस ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष ओमकार सिंह ने सिटी मजिस्ट्रेट को बताया कि पुलिस लाइन चौराहे पर करीब तीन माह से टेंपो स्टैंड चल रहा है। इस चौराहे से उसावां, उसहैत, ककराला म्याऊं की सवारियां टैंपो द्वारा भरी जा जा रही है। इनके चौराहे पर खड़े होने की वजह से चौराहे पर जाम की भी स्थिति रहती है। जाम में फंसने की वजह से बस संचालकों को नुकसान हो रहा है। साथ ही बसों के नंबर कट जाते हैं। कहा कि पहले यह टेंपो स्टैंड मंडी समिति पर हुआ करता था। अब टैंपो का संचालन पुलिस लाइन चौराहे से हो रहा है। जिसे हटाने की मांग बस ऑपरेटर यूनियन ने की है। इस मौके पर अनिल रस्तोगी, राजीव कुमार, संजीव गुप्ता, वीरपाल, मोहम्मद अहमद, वाजिद हुसैन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एक ही रात में कई ट्यूबवेलों को निशाना बनाकर की चोरी

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर में चोरों ने रविवार की रात कई टयूबबेलों को निशाना बनाकर सामान चोरी किया। पीडितों ने थाने में तहरीर दी है।

बिसौली थाना क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर निवासी किसान अबनेश शर्मा के ट्यूबवेल की दीवार की ईटें निकालकर ट्यूबवेल में रखे सामान की चोरी कर ली।सोमवार को सुबह जब किसान ट्यूबवेल पर पहुंचा तो उसमें बेट्रा 100 एम्पियर, झटका मशीन, इनवर्टर, झटका वायर, पाईप 50 किलो, गड्ढा खोदने वाला वरमा, जनरेटर वाला तार, एक पाना, एक चाबी और एक प्लास साथ में फावड़ा समेत सामान गायब था। किसान विकास शर्मा सोमवार सुबह अपने खेत की सिंचाई करने पहुंचा तो चोरी की अन्य ग्रामीणों को जानकारी हुई। सूचना मिलते ही मौके पर डायल 112 पहुंच गई। रानेट चौकी प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ित किसानों ने पुलिस को तहरीर दी है।


टयूबवेल की कोठरी में लगी नकब।

- बिसौली थाना क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर का मामला

## प्रेम विवाह सनातन धर्म का हिस्सा नहीं

- सनातन बोर्ड की बैठक में वक्ताओं ने व्यक्त किए विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के गोपी चौक स्थित साहू धर्मशाला में अखिल भारतीय सनातन बोर्ड की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लव जिहाद और धर्म परिवर्तन पर चिंता व्यक्त की गई।

मुख्य अतिथि रामवहादुर व्यथित ने बताया कि पुरानी सरकारों ने कैसे सनातन विरोधी कार्य कर धर्म को भारी क्षति पहुंचाई। यदि उस समय सुभाष चंद्र बोस जैसे नेता प्रधानमंत्री पद पर होते तो आज हिंदू समाज के समक्ष भीषण चुनौतियां न खड़ी हुई होती। पुरोहित मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि प्रेम विवाह सनातन धर्म का हिस्सा नहीं। हिंदू समाज में कन्यादान कर पाणिग्रहण संस्कार की संस्कृति है। एडवोकेट अरविंद गुप्ता ने हिंदू समाज में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि यह शरीर माता-पिता और समाज की धरोहर है। इसे नष्ट करने का अधिकार किसी को नहीं है। कोषाध्यक्ष देवकीनंदन शर्मा ने कहा माथे पर टीका और हाथ में कलावा हिंदुओं की पहचान है। सभी सनातनियों से टीका लगाकर ही अपने कार्य पर जाने का आह्वान किया। वैद्य दयाराम वेदपति ने शराब की लत से पीड़ित युवाओं से कहा कि आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा शराब छुड़ाने में वह सैकड़ों मरीजों की मदद कर चुके हैं। एडवोकेट मुनेंद्र प्रताप सिंह ने मंदिरों को शक्ति केंद्र बनाए जाने और आगामी बैठकों को मंदिरों में आयोजित करने का सुझाव दिया। बैठक में मुकेश पटेल, पूरन लाल शर्मा, राहुल रावत, दयाराम वेदपति, राकेश कुमार गुलाटी, दुर्विजय सिंह पटेल, कन्हैयालाल गुप्ता, सुशील कुमार साहू, ,शिवम मथुरिया, भागीरथी साहू, प्रमोद मिश्र, बृजेश कुमार शाक्य, सनी चौहान, आकाश साहू, वरदान वर्मा, आकाश प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।



मुख्य अतिथि का सम्मान करते लोग।

## भट्ठे पर उगाही करने पहुंचे माफी मांगने पर छोड़ा

- थाना मूसाझाग क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया स्थित भट्ठे का मामला
- मुनीम को पीटा, भट्ठा मालिक की सचूना पर पहुंची पुलिस

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गुरगांव भट्ठे पर मिट्टी डाल रहे वाहनों से अवैध वसूली करने पहुंचे कुछ लोगों ने मुनीम को पीट दिया। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपियों को पकड़ कर थाने ले गई। यहां माफी मांगने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया में सुरेश चंद्र सिंह का भट्ठा है। बताते हैं रविवार की रात 12 बजे एक कार से कुछ लोग भट्ठे पर पहुंच गए। मिट्टी ढो रहे वाहन के आगे अपनी कार लगा दी। खुद को पत्रकार बताते हुए वाहनों के कागज मांगे। कागज नहीं दिखाने पर उन्होंने धमकाया। इसके बाद भट्ठे का मुनीम कागज लेकर मौके पर पहुंच गया। बताते हैं मुनीम से भी आरोपियों ने अभद्रता और मारपीट की। भट्ठा बंद कराने की धमकी दी। इसके बाद मुनीम ने भट्ठा मालिक को फोन पर सूचना दी। भट्ठा मालिक ने थाना पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सभी लोगों को पकड़ लिया और थाने में बिठा दिया गया। मामला बढ़ता देख आरोपियों के होश ठिकाने आ गए। भट्ठा मालिक से माफी मांगने के बाद उन्हें थाने से छोड़ा गया। यह प्रकरण चर्चा का विषय बना रहा।

## बाइक की टक्कर से वृद्धा की जान गई

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** अलग-अलग मार्गों पर हुए सड़क हादसों में एक वृद्धा की मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जिंदपुरा की रहने वाली स्वर्गीय जागीर सिंह की पत्नी 65 वर्षीया हरभजन कौर सोमवार को मोबाइल ठीक कराने के लिए नगर के रामलीला मार्ग पर स्थित दुकान पर पैदल जा रही थीं। एक गैस एजेंसी के पास पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गईं और बाइक सवार मौके से भाग गया। कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। घायल को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया गया। परिवार वाले भी जानकारी मिलने पर आ गए। चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर हादसे की जानकारी की। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने हादसा स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज भी चेक की। इसके अलावा



सीएचसी में वृद्धा की मौत के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

- एक अन्य हादसे में पशु बचाने के चक्कर में बाइक सवार घायल

बिलसंडा थाना क्षेत्र के परेवा तुर्राह निवासी सचिन गंगवार बीसलपुर डाकघर में कार्यरत हैं। वह बाइक से डाकघर आ रहे थे। बिलसंडा मार्ग पर ग्राम केंचुआ के पास पहुंचते ही सड़क किनारे खड़ी बछिया अचानक भागी तो उसे बचाने के चक्कर में गिरकर घायल हो गए। उन्हें सीएचसी भर्ती कराया है।

## महिला के साथ छेड़छाड़ तीन के खिलाफ रिपोर्ट

- कंडों की बढिया बनाते वक्त आरोपियों ने की थी हरकत

संवाददाता, माधोटांडा

**अमृत विचार :** कंडों की बठिया बना रही महिला से गांव के कुछ लोगों ने अभद्रता करते हुए अश्लील हरकतें करना शुरू कर दी। शोर मचाने पर जब पति और जेठ बचाने के लिए आए तो आरोपी भाग गए। दोबारा आकर पीड़िता के पति पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गए। तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 जून की शाम को वह कंडो का बठिया बना रही थी। तभी गांव के ही कुछ लोग आए। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे बुरी नीयत से जमीन पर गिरा दिया। उसके कपड़े फाड़ने लगे। चीख पुकार पर उसका पति और जेठ आ गए। सभी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

आरोप है कि इसके बाद उक्त लोग लाठी और डंडा के अलावा धारदार हथियारों को लेकर आ गए। पति पर हमला कर उसे मरणासन्न अवस्था में कर दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही राम खिलावन, रामनाथ और अमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### एसडीएम से लगाई गुहार

**बीसलपुर, अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम नागेंद्र पांडेय से मुलाकात की। उन्हें डीएम को संबोधित ज्ञापन दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

मैं उमा पाण्डेय पत्नी JC3688876X स्व. सूबेदार अमित पाण्डेय, नि0 म नं. 1 रेंज कॉलोनी भरतौल, पो0 पी.ए.सी. डी.एस.सी. नकटिया, थाना कैन्ट पर0 तह. व जिला बरेली (उ.प्र.)-243123. की हूँ, मेरे पति से सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम EAKLIVYA PANDEY गलत दर्ज है जबकि सही नाम EKALAVYA PANDEY है। कृपया सही नाम दर्ज हों।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## शहर में आज

- सात दिवसीय बौद्ध कथा ग्राम नगला रोकरी पटियाली और मनरेगा पार्क ग्राम जाधई में आयोजित की जाएगी, दोपहर 12 बजे से
- बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क ग्राम मामों में किया जाएगा, सुबह 11 बजे से
- पूर्णिमा के अवसर पर हरि की पौड़ी, लहरा गंगा घाट, कछला गंगा घाट सहित अन्य घाटों पर श्रद्धालु स्नान करेंगे, सुबह 4 बजे से
- बारहद्वारी घंटाघर स्थित राम दरबार मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा, शाम 6 :30 बजे

### बाइक सवार ने मारी टक्कर, मां-बेटे घायल

**कासगंज, अमृत विचार** : गांव कांतौर निवासी किशन देवी पत्नी यादवीर अपने बच्चे के साथ गांव जा रही थी। इस दौरान बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों ही घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# 51 शिकायतें आईं, चार का मौके पर किया निस्तारण

## डीएम की अध्यक्षता में सहावर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



लोगों की फरियाद सुनतीं डीएम मेघा रूपम और एसडीएम अंजलि गंगवार।

**अमृत विचार:** डीएम मेधा रूपम की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की उपस्थिति में तहसील सहावर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर आम जनमानस की समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापरक एवं निष्पक्ष निस्तारण ही शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी प्राप्त प्रार्थना पत्रों को शीघ्रता से निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिससे पीड़ितों को पूर्ण संतुष्टि मिले। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

डीएम के समक्ष अधिक धनराशि के बिजली के बिल आने, विधवा व वृद्धावस्था पेंशन न मिलने, राशन कार्ड बनवाने, भूमि की पैमाइश कराने, अवैध कब्जा हटवाने, राजस्व, भूमि विवाद, उत्पीड़न, आपसी विवाद आदि से सम्बंधित 51 प्रार्थना प्रत्र प्राप्त हुये। जिनमें से 4 प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। डीएम ने सभी प्रार्थना पत्रों को गंभीरतापूर्वक सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त हुई शिकायतों व समस्याओं के प्रभावी व गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील सहावर में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव अग्रवाल, उप जिलाधिकारी विनोद जोशी, उप जिलाधिकारी सहावर अंजली गंगवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिले की अन्य दोनों तहसीलों कासगंज एवं पटियाली में मुख्य विकास अधिकारी सचिन एवं अपर जिलाधिकारी राकेश पटले द्वारा जनता की समस्याओं व शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा विभागीय अधिकारियों को यथाशीघ्र प्रार्थना पत्रों को निस्तारित करने के निर्देश दिए गये।

## चकोरी प्लांट के चौकीदार को मारी गोली, गंभीर घायल

**कासगंज, अमृत विचार :** सहावर क्षेत्र के चकोरी प्लांट के चौकीदार को गोली मारकर घायल कर दिया गया। उसके पैर में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गांव चकरा निवासी 28 वर्षीय गुड्डू पुत्र फतेह सिंह मुरली कृष्ण चकोरी प्लांट ग्राम म्यांसुर पर चौकीदार का कार्य करता था। रविवार की रात्रि जब वह चकोरी प्लांट पर था। इस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे गोली मार दी। गोली के बाएं पैर में घुटने के पास लगी। गोली लगने से वह घायल हो गया। घटना की जानकारी पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसे सहावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। यहां डॉक्टर ने स्थिति गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी प्रवेश राणा ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# चाइल्ड लाइन और आरपीएफ जीआरपी ने चलाया अभियान


चेकिंग करते आरपीएफ, जीआरपी, चाइल्ड लाइन की टीम।

कार्यालय संवादादाता, कासगंज

- स्टेशन के प्लेटफॉर्म, फुट ओवरब्रिज, वेटिंग हॉल और ट्रेनों में गहन जांच की

**अमृत विचार:** रेलवे जंक्शन पर सोमवार को चाइल्ड लाइन, रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग की संयुक्त टीम ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य गुमशुदा, घर से भागे या मानव तस्करी से प्रभावित बच्चों की पहचान कर उन्हें सहायता प्रदान करना रहा। स्टेशन के प्लेटफॉर्म, फुट ओवरब्रिज, वेटिंग हॉल और ट्रेनों में गहन जांच की गई। विशेष रूप से मथुरा से टनकपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में चेकिंग की गई।

जीआरपी उपनिरीक्षक सलमान अली और आरपीएफ उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह ने बताया कि अभियान का लक्ष्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण रखना है। चेकिंग टीम में चाइल्ड लाइन प्रभारी सौरभ यादव, सुरेश यादव, विश्वजीत चौधरी, नरेंद्र सिंह, रामदेव तिवारीबाबा, मनोज, गौरव शर्मा, यशपाल चौधरी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

## सट्टा और अवैध धंधों पर कसा जाएगा शिकंजा

**गंजडुंडवारा (कासगंज) ,अमृत विचार :** नवागत क्षेत्राधिकारी पटियाली संतोष कुमार ने विगत दिनों पूर्व अपना कार्यभार संभाला है। अमृत विचार से बातचीत में उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते अपराध,सट्टा, और अन्य अवैध गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


सीओ संतोष कुमार।

सीओ संतोष कुमार ने कहा कानून का राज स्थापित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी बताया कि अवैध सट्टा, शराब कारोबार, नशे का धंधा, जमीन माफिया सहित अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी। पुलिस की सक्रियता बढ़ाई जाएगी और गुप्त सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सीओ ने कहा कि यदि लोग बेझिझक पुलिस को सही जानकारी देंगे तो अपराध पर लगाम लगाना आसान होगा।

## किराना व्यापारी का तीन लाख रुपये से भरा बैग चोरी

संवाददाता, कासगंज

- सदर कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का किया निरीक्षण
- चोर की तलाश में आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के नदरई गेट इलाके में रविवार शाम चोरी की घटना की गई। व्यापारी का तीन लाख रुपये का बैग चोरी हो गया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

हाथरस निवासी किराना व्यापारी कैलाश चंद्र वार्ष्णेय का तीन लाख रुपये नकदी से भरा बैग अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। घटना व्यापारी गज्जू की दुकान के पास उस समय हुई। जब कैलाश चंद्र कुछ जरूरी सामान लेने दुकान पर रुके थे। पीड़ित व्यापारी का कहना है कि वह कुछ देर के लिए दुकान के पास रुके थे।

इसी दौरान चोर ने बैग पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इससे चोरों की पहचान करने में मदद मिल सके।

कोतवाली प्रभारी लोकेश भाटी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा। व्यापारियों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग की है। साथ ही गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि चोरी कम हो सके।

# मेमोरी बढ़ाने, एकाग्रता आदि के लिए दिए टिप्स

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


समर कैंप में प्रशिक्षण के बाद मिले अपने प्रमाण पत्रों को दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

- ब्रह्माकुमारीज के तीन दिवसीय समर कैंप का समापन

**अमृत विचार:** ब्रह्माकुमारीज के आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का सोमवार को समापन हो गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 108 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। समापन समारोह की अध्यक्षता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज दीदी ने की। बच्चों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि मारवाड़ी माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष हीरेन्द्र माहेश्वरी ने कहा कि इस तरह के शिवरों से बच्चे लाभान्वित होते हैं। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट श्याम मूना ने कहा कि समर कैंप का आयोजन एक सराहनीय कार्य है। मुख्य प्रशिक्षक बीके राखी ने बताया कि कैंप के दौरान बच्चों को मेमोरी पावर एवं एकाग्रता बढ़ाने के टिप्स, पारिवारिक नैतिक मूल्यों, सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखना, तथा आत्मिक एवं मानसिक विकास आदि को बताया गया है। सीखे विभिन्न रोमांचक टिप्स का विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। मुख्य प्रशिक्षक ब्रह्माकुमारी राखी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों का न केवल सर्वांगीण विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी बीके करुणा ने किया।

इस अवसर पर मधुर पुंढीर, सुनील वशिष्ठ, अनुराधा पुंढीर, चंदन भारद्वाज, मनीषा दीक्षित, सुभाष चंद्र गुप्ता, मोहित पल्तानी, गौरव शर्मा, राजीव कुमार, दीपा राघव, दीप्ति राठी, अमित सक्सेना, ऋतुराज सिंह, अनीता भारद्वाज, सपना वर्मा, सीमा बहन, रूबी बहन, नीरज बहन, गीता बहन, आरती बहन, आभा बहन आदि मौजूद रहे।

## तमंचा के साथ फोटो वायरल पुलिस ने किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता ,कासगंज



गिरफ्तार आरोपी सोहिल।

**अमृत विचार :** अमांपुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने तमंचा के साथ अपना फोटो पोस्ट किया। यह फोटो वायरल होकर जब पुलिस के संज्ञान में पहुंचा तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर तमंचा भी बरामद कर लिया गया है।

थानाध्यक्ष सुमित त्रिपाठी ने बताया कि सोहिल निवासी ग्राम जखा का फोटो तमंचा सहित वायरल हुआ। इसकी जानकारी पुलिस को लगी तो पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया। उसकी जांच पड़ताल शुरू की गई। आरोपी सोहिल को पुलिस ने सोमवार को उसे ग्राम जखा में उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने 315 बोर का एक तमंचा बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ आयु अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है।

## एमएसएमई से जुड़ी समस्याओं का कराएंगे समाधान

बरेली कार्यालय



आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल का सम्मान करते शहर के वरिष्ठ उद्यमी।

**अमृत विचार:** आईआईए के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि वह संस्था को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने की हर मुमकिन कोशिश करेंगे। संस्था के साथ 38 सालों का सफर है। इस सफर को आप सभी के सहयोग से और यादगार बनाने की कोशिश रहेगी। उद्योगों को बढ़ावा देने की प्राथमिकता रहेगी। उद्यमियों की समस्याओं के निदान के लिए हर स्तर पर पूरी मजबूती के साथ प्रयास करेंगे। भरोसा दिलाते हैं कि उद्यमियों की समस्या हमारी चिंता रहेगी।

गोयल ने ये बातें सोमवार रात सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से गांधी उद्यान स्थित एक होटल में आयोजित अभिनंदन समारोह में कहीं। बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उद्यमियों का दर्द और उनकी समस्या से भलीभांति वाकिफ हैं। हर चुनौतियों से पार पाने की कोशिश करेंगे।

इस मौके पर चैंबर के अध्यक्ष राजीव सिंघल ने कहा कि बरेली उद्योग जगत के लिए इससे बड़ा गौरवशाली क्षण और क्या होगा, जब हम सबके बीच से निकलकर अत्यंत प्रतिभाशाली, मेहनती और कर्मठ उद्योगपति दिनेश गोयल को आईआईए में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है। बोले कि यह हमारी संस्था के लिए गौरवान्वित करने वाली बात है कि वह चैंबर ऑफ कामर्स के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

संस्था के पूर्व अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अभिनव अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष किशोर कटरू, वीएस अग्रवाल, रवि अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, राज गोयल, अजय शुक्ला, नीरज गोयल, शेखर अग्रवाल, उन्मुक्त सम्भव शील, अभिनव कटरू, अभिषेक कटरू, तनुज भसीन, रवि शर्मा, रविन्दर रायजादा आदि मौजूद रहे।

## जिरसमी के पास बाइक से गिर कर महिला की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** आमांपुर-एटा मार्ग में एक महिला बाइक से गिर गई। हादसे में उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अमांपुर के गांव बनियानी निवासी नीरज भारद्वाज पत्नी मनोज भारद्वाज अपने दमाद रजत के साथ गांव से कासगंज आ रही थी। जिरसमी के समीप अचानक बाइक ब्रेकर के चलते उछल गई और महिला बाइक से गिर गई। वह गंभीर घायल हो गई। उसे जिला अस्पताल में ले जाया गया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो उनमें कोहराम मच गया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करने की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


पोस्टमार्टम गृह पर विलाप करते परिजन।

- जिरसमी के पास ब्रेकर पर उछल गई थी बाइक
- महिला को जिला अस्पताल में किया मृत घोषित

# श्याम संकीर्तन का किया आयोजन

संवाददाता, अमांपुर


श्री खाटू के जागरण में भजनों का गायन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बारहद्वारी घंटाघर स्थित रामलीला स्थान पर रविवार की रात को एक शाम खाटू वाले के नाम श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्याम संकीर्तन में रातभर बाबा खाटू श्याम का गुणगान किया गया। श्रद्धालुओं ने अरदास लगाई और श्याम भजनों के साथ भव्य ज्योत का आयोजन हुआ। देर रात को श्री खाटू श्याम बाबा की महाआरती हुई। श्री खाटू श्याम बाबा का सुगंधित फूलों से दरबार सजाया गया।

दरबार में दीप प्रज्वलित कर भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। श्याम प्रेमियों ने बाबा की छवि एवं पावन ज्योति के दर्शन किए। कलाकार यश सिंघल ने हनुमान जी की आराधना और हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा भजन प्रस्तुत करके किया। भजन गायिका खुशी, खुशबू चौहान ने मेरा सांवरिया आएगा, हो मेरा सांवरिया आएगा भजन गाया। गायक उत्कर्ष अरोरा ने ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है। दरबार सांवरिया ऐसे सजो प्यारो दयालु आपको भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। खुशी चौहान ने बाबा की महिमा का गुणगान करते हुए आ गया भजन प्रस्तुत किया। आयोजन समिति के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर विष्णु गोयल, संतोष पालीवाल, पीयूष गोयल, राजू गोयल, रमेश गोयल, सुनील गुप्ता, सुधीर सर्राफ, मनोज गुप्ता, आकाश गुप्ता सर्राफ, पुष्पेंद्र आरएसएस, बबलू गोयल, प्रदीप मित्तल, गौरव यादव, वरून अग्रवाल, रिषभ गुप्ता, बॉबी गुप्ता, रोहित माहेश्वरी, विकास दादा, नितिन माथुर, पृथ्वीराज चौहान, यश गोयल, आयुष गुप्ता, अरुण चौहान आदि मौजूद रहे।

## बाइक सवार को वाहन ने मारी टक्कर, जान गई

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सहसवान बढ़वारी कलां मार्ग पर हुआ हादसा
- ग्राम बढ़वारी कलां का निवासी था सत्येंद्र कुमार

**अमृत विचार:** सहसवान –बढ़वारी कलां मार्ग पर बाइक सवार युवक को वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


मृतक सत्येंद्र कुमार का फाइल फोटो

ग्राम बढ़वारी कलां निवासी 27 वर्षीय सत्येंद्र कुमार पुत्र राजवीर सिंह मोटर साइकिल से सहसवान अपनी ससुराल गया हुआ था। वह सोमवार की सुबह ससुराल से बढ़वारी कलां वापस आ रहा था। गंगा पुल के समीप अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे उसकी मौत हो गई। हादसे पर राहगीर एकत्रित हो गए और जानकारी पुलिस को दी गई। सड़क हादसे में युवक की मौत की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजन भी सूचना पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम गृह पर भेज दिया। मृतक के पिता राजवीर ने बताया उसकी डेढ़ वर्ष की बेटी के सिर से पिता का साया उठ गया। उसकी पत्नी गीता और मां मुन्नी देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। सोरोंजी थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया मृतका के परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। फिलहाल अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# लूट और युवतियों के अश्लील फोटो खींचने के मामले में कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- कछला गंगा घाट पर दूसरे समुदाय के युवक करते हैं आपराधिक घटनाएं
- विहिप बजरंग दल ने डीएम को ज्ञापन देकर की कार्रवाई करने की मांग

**अमृत विचार :** गंगा कछला घाट पर दूसरे समुदाय के व्यक्तियों द्वारा श्रद्धालुओं से मारपीट, लूट व युवतियों की फोटो खींचने के मामले में डीएम से शिकायत की गई है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मांग पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जिला सह संयोजक गोविंद महेरे ने बताया कि कछला गंगा घाट पर एकादशी पर फिरोजाबाद से श्रद्धालु गंगा स्नान को आए थे। उनके साथ आई युवतियों की दूसरे समुदाय के द्वारा गलत फोटो ली जाने लगी तो इसका श्रद्धालुओं ने विरोध किया। इस पर उनकी मारपीट कर ब्रासलेट, अंगूठी, मोबाइल आदि छीन ले गए। आए दिन ही श्रद्धालुओं के साथ आरोपी बदतमीजी व अवैध वसूली करते हैं। इन लोगों की पूरी तरह से जांच की जाए। ये लोग कहां से आए हैं इसकी जांच की जाए। गंगा घाटों से दूसरे समुदाय के लोगों को पूरी तरह से हटाने की मांग की है। इससे आस्था से आने वाले श्रद्धालुओं को परेशान न किया जाए। ज्ञापन देने वालों में सुधांशु भारद्वाज, विष्णु दुबे, गोविंद तिवारी, किसान, शरद, शिवम, आशीष, विनोद, निक्की आदि शामिल रहे।


ज्ञापन देने पहुंचे विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता।

## मनमस्त आश्रम में मनाया गया मुख्यमंत्री का जन्म उत्सव

**कासगंज, अमृत विचार :** आवास विकास कॉलोनी स्थित मनमस्त महाराज आश्रम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री की कार्यशैली और अपराध मुक्त प्रदेश बनाने के कराने की सराहना की गई। मुन्नालाल मतवाला ने कविता में कहा बेटी पलती है एक परिवार में, चलाती है दो परिवारों को। जन्मोत्सव सप्ताह के अंतर्गत गुरु योगेश योग ने प्रवचन जन कल्याण के लिए प्रवचन किए। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश मंत्री राजकुमार पाठक, शालिनी पाठक ने गुरु योगेश योग का सम्मान किया। इस दौरान प्रशस्ति पत्र बांटे गए। इस दौरान समिता वर्मा, संगीता गुप्ता, शालू गुप्ता, प्रतिज्ञा, सीमा वर्मा, नीतू शर्मा, सरल त्रिपाठी, सरल भारद्वाज, नीलम सक्सेना, लता गुप्ता, सोनम मिश्रा, राधिका, शाहिद मौजूद रहे।

### गैर इरादतन हत्या में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** थाना सिकन्दरपुर वैश्य पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी बृजपाल सिंह ने बताया कि दो जून को गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया। इसमें हुसैन, जान मोहम्मद व मुस्लिम निवासी कादरगंज को पुलिस ने सोमवार को तरसी तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### एक वाहन किया सीज, 106 के काटे चालान

**कासगंज, अमृत विचार :** कस्बा सोरोंजी में यातायात पुलिस ने सोमवार को चेकिंग अभियान चलाया। साथ ही ई- रिक्शा, टेम्पो चालकों, अन्य वाहन चालकों को क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, रॉन्ग साइड गाड़ी चलाने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग न करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट न लगाने, ड्रिंक एंड ड्राइव, मोडिफाइड साइलेंसर एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक वाहन सीज और 106 वाहनों के चालान किए गए। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।

### शिवाजी महाराज की युद्धनीति आज भी कारगर

**कासगंज, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विभिन्न स्थानों पर छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक का कार्यक्रम हिन्दू साम्राज्य दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कासगंज की दुर्गा कॉलोनी, हुल्का बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवा ध्वज लगाकर शिवाजी और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिला संघचालक दीपराज ने बताया कि माता जीजाबाई ने जिस प्रकार के संस्कार, शिक्षा देकर बालक शिवाजी को निडर व साहसी बनाया। शिवाजी ने जितने भी युद्ध किए सभी ने विजय प्राप्त की। कार्यक्रम में जगदीश बिरथरे, चन्द्रहास सोलंकी, रोहताश, विपिन बघेल, शिव शंकर यादव, सूर्यवीर सिंह, पूरन कुशवाह, राजीव यादव, बृजेश पांडेय, आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

